वार्षिक रिपोर्ट
2017-2018

वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान

okf"kd fjiksVZ 2017&2018

oh-oh- fxfj jk"Vªh; Je laLFkku

lsDVj&24] uks,Mk & 201 301 ¼m-iz-½

प्रकाशक : वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान
सैक्टर–24, नौएडा – 201 301, उ.प्र.

प्रतियों की संख्या : 150

यह रिपोर्ट संस्थान की वेबसाइट www.vvgnli.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुद्रण स्थान : चन्दू प्रेस, डी–97, शकरपुर
दिल्ली – 110 092

विषय-सूची

- çEk[k miyfC/k;k 1
- lLFkku dk fotu vkj fe'ku 8
- lLFkku dk vf/kn'k 9
- lLFkku dh Lkjpuk 10
- vuqlq/kku 14

श्रम बाजार अध्ययन केंद्र 15

कृषि संबंध और ग्रामीण श्रम केंद्र 21

राष्ट्रीय बाल श्रम संसाधन केंद्र 23

रोजगार संबंध और विनियमन केंद्र 33

एकीकृत श्रम इतिहास अनुसंधान कार्यक्रम 38

लिंग एवं श्रम अध्ययन केंद्र 43

पूर्वोत्तर केंद्र 51

श्रम एवं स्वास्थ्य अध्ययन केंद्र 57

अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग केंद्र 62

- çf'k{k.k vkj f'k{kk 67
- ,u- vkj- Mh Je lpuk llk/ku dn 83
- jkt Hkk"kk uhfr dk dk;kUo;u 85
- çdk'ku 87
- lLFkku dk b&xou l ,o fMftVy vol jpuk dk mUu;u 91
- depkfj;k dh l[;k 92
- QdYVh ,o vf/kdkfj;k dh lph 93
- y[kk ijh{kk fjikV vkj y[kkijhf{kr okf"kd y[kk 2017&2018 95

çEkq[k miyfC/k;k¡
(2017-2018)

- Okh- oh- fxfj jk"Vªh; Je laLFkku] Je ,oa lacaf/kr eqn~nksa ij vuqla/kku] çf'k{k.k] f'k{kk] çdk'ku ,oa ijke'kZ dk;Z djus okyk ,d vxz.kh laLFkku gSA 1974 में स्थापित यह संस्थान श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का एक स्वायत्त निकाय है। संस्थान का iqu%ukedj.k 1995 esa] Hkkjr ds HkwriwoZ jk"Vªifr ,oa çfl) VªsM ;wfu;u urk Jh oh- oh- fxfj ds uke ij fd;k x;kA
- ,d fo'oLrjh; çfrf"Br laLFkku ds :Ik esa mHkjuk% संस्थान ने विश्व स्तर के एक प्रतिष्ठित संस्थान और कार्य की गुणवत्ता एवं कार्य–संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध श्रम अनुसंधान एवं शिक्षा में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उभरने के प्रयासों को जारी रखा।
- Ukhfr&fuekZ.k ds fy, Kku dk vk/kkj% संस्थान ने 22 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी कीं जिन्होंने श्रम अध्ययन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नीति–निर्माण के लिए आवश्यक ज्ञान आधार प्रदान किया।
- fo'ks"kK lgk;rk lsok,¡% संस्थान समय–समय पर आवश्यक इनपुट प्रदान करता रहता है जो श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के लिए नीति–निर्माण में प्रासंगिक होते हैं। ये इनपुट गहन शोध, विभिन्न हितधारकों यथा शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, ट्रेड यूनियन अधिकारियों, सिविल सोसायटी के सदस्यों, नियोक्ता एवं कर्मचारी संगठनों आदि के साथ विचार–विमर्श के आधार पर तैयार किये जाते हैं। पिछले वर्ष के दौरान जिन क्षेत्रों में इनपुट प्रदान किए गए उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

  (i) असंगठित क्षेत्र पर फोकस के साथ भारत में रोजगार सृजन कार्यनीतियाँ

  (ii) सामाजिक सुरक्षा श्रम संहिता, 2018 का मसौदा

  (iii) राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) स्कीम का निष्पादन मूल्यांकन एवं प्रभाव आकलन

  (iv) 'राष्ट्रीय न्यूनतम मजूदरी/मजूदरियों' के निर्धारण एवं समायोजन की विधि

  (v) भारत में बीड़ी सैक्टर से संबंधित समस्याएँ एवं मुद्दे

  (vi) श्रम कानून सुधारों में विभिन्न राज्यों द्वारा शुरु की गयी उत्तम प्रथाओं एवं पहलों का अंगीकरण

- **lkekftd Hkkxhnkjksa dk ifjorlu dh pqukfr;ksa dk lkeuk djus ds fy, rS;kj djuk%** भारत अभी कार्य की दुनिया में तीव्र परिवर्तनों का सामना कर रहा है, जिससे उसे अवसरों के साथ–साथ चुनौतियां भी मिल रही हैं। संस्थान ने 138 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें श्रम प्रशासकों, औद्योगिक संबंध प्रबंधकों, ट्रेड यूनियन नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अनुसंधानकर्ताओं जैसे प्रमुख पणधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले 4208 प्रतिभागियों ने परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के उद्देश्य से अपने कौशलों एवं क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भाग लिया। संस्थान की स्थापना के बाद यह पहली बार है जबकि संस्थान ने एक वर्ष में इतने अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए तथा यह भी पहली बार है जब एक वर्ष संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागियों की संख्या 4000 रही।

- **vlaxfBr dkexkjksa dks l'kDr cukuk%** संस्थान ने 42 क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें असंगठित क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले 1203 नेताओं/प्रशिक्षकों ने भाग लिया। ऐसे प्रशिक्षण हस्तक्षेपों का मुख्य उद्देश्य श्रम बाजार में सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के सामने आ रही समस्याओं का समाधान करना, तथा यह दिखाना था कि कैसे सशक्तिकरण सामाजिक समावेशन का एक शक्तिशाली साधन बन सकता है।

- **iwokZsÙkj {ks= dh fpUrkvksa ds lek/kku ds fy, fo'ks"khd`r çf'k{k.k%** संस्थान ने 15 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रम प्रशासकों, ट्रेड यूनियन नेताओं, गैर सरकारी संगठनों एवं अन्य हितधारकों के लिए किया। संस्थान ने निम्नलिखित तीन कार्यशालाओं का आयोजन किया। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्वोत्तर क्षेत्र एवं वीवीजीएनएलआई में आयोजित किए गए तथा इनमें 446 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सराहा है तथा यहाँ उल्लेख करना अप्रासंगिक नहीं होगा कि संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र से संबंधित प्रमुख मुद्दों का समाधान करने पर जोर दे रहा है। संस्थान ने निम्नलिखित कार्यशालाएँ भी आयोजित कीं:

  (i) मैत्रेयी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के सहयोग से 12 अप्रैल 2017 को 'पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के मुद्दे: सरोकार एवं चुनौतियाँ' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी।

  (ii) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग एवं क्षेत्रीय परिसर मणिपुर के सहयोग से 26–29 मई 2017 के दौरान 'पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के मुद्दे' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी।

  (iii) वीवीजीएनएलआई एवं टाटा समाजविज्ञान संस्थान (टीआईएसएस), गुवाहाटी के मध्य हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के एक हिस्से के तौर पर टीआईएसएस के श्रम अध्ययन एवं

सामाजिक संरक्षण केंद्र के सहयोग से 16–17 मार्च 2018 के दौरान 'पूर्वोत्तर भारत में सामाजिक संरक्षण कार्यक्रमों का प्रभावी कार्यान्वयन' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी।

- **Je d ennk ij vrjk"Vh; çf'k{k.k dk;Øe vk;kftr djus dk gc ¼dn½** संस्थान विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के आईटीईसी/एससीएएपी के अंतर्गत एक प्रशिक्षण संस्थान के तौर पर सूचीबद्ध है। संस्थान ने लैंगिक मुद्दे, श्रम प्रशासन और रोजगार संबंध, नेतृत्व विकास, सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन, श्रम अध्ययनों में अनुसंधान पद्धतियाँ तथा स्वास्थ्य संरक्षण एवं सुरक्षा जैसे प्रमुख विषयों पर 07 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें 164 विदेशी नागरिकों ने भाग लिया।

(i) रॉयल भूटान सरकार के श्रम विभाग के अनुरोध पर संस्थान ने रॉयल भूटान सरकार के अधिकारियों के लिए 'श्रम प्रशासन, रोजगार सेवाएं एव कैरिअर परामर्श' पर 10–19 अप्रैल 2017 के दौरान एक अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया। इस कार्यक्रम में रॉयल भूटान सरकार के श्रम विभाग के 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

(ii) संस्थान ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन लेबर हिस्टोरियंस के सहयोग से 26–28 मार्च 2018 के दौरान वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में ckjgok vrjk"Vh; Je bfrgkl lEeyu आयोजित किया। भारत सहित 10 देशों के 80 प्रसिद्ध श्रम इतिहास विद्वानों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में 34 अनुसंधान पेपर प्रस्तुत किये गये एवं उन पर चर्चा की गयी।

सम्मेलन का मुख्य विषय ''विगत के आइने में काम का भविष्य'' है। इस सम्मेलन में संभावित भावी प्रवृत्तियों एवं नीति सूचकों के आलोक में विगत एवं वर्तमान में काम के बदलते प्रकार एवं कार्य संबंधों के साथ प्रौद्योगिकी के संबंध पर फोकस किया गया।

- **0;kolkf;d Hkkxhnkjh djuk ,o mls lqn`<+ cukuk%** आज का युग नेटवर्किंग का युग है। संस्थान ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोगात्मक व्यवस्था बनाते हुए व्यासायिक नेटवर्किंग को स्थापित करने एवं उसे सुदृढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखा। संस्थान ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आईटीसी), ट्यूरिन, इटली के साथ सहयोग स्थापित किया है। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) का मूल उद्देश्य सभी के लिए उत्तम कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण गतिविधियों में दोनों संस्थानों में सहयोग बढ़ाना है।

(i) आईटीसी–वीवीजीएनएलआई सहयोग के एक भाग के तौर पर अफगानिस्तान के सामाजिक भागीदारों के लिए 'रोजगार नीतियाँः नाजुकता से लचीलेपन की ओर' पर एक

एक–वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किया गया है। इस एक–वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत छह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें अफगानिस्तान के मिनिस्ट्री ऑफ लेबर मार्टियर्स एंड डिसैबल्ड (एमओएलएसएएमडी), कामगार संगठनों, नियोक्ता एवं सिविल सोसायटी संगठनों के 165 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों के विषय थे – युवा रोजगारः नीति से कार्रवाई तक, उद्यमिता विकास, प्रवासन एवं रोजगार, कौशल एवं रोजगार योग्यता, नाजुक राज्यों में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में लिंग एवं श्रम तथा कार्यान्वयन का डिजाइनः रोजगार नीतियों के लिए संस्थान।

(ii) 27 अक्टूबर 2017 को डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई तथा श्री यांगो लिउ, निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र, आईएलओ ने दोनों संस्थानों के वर्तमान समझौता ज्ञापन (एमओयू) को एक साल की अवधि, अक्टूबर 2018 तक बढ़ाने के लिए एमओयू के एक परिशिष्ट पर हस्ताक्षर किये।

(iii) संस्थान ने श्रम एवं रोजगार से संबंधित सहयोगात्मक अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं शैक्षिक कार्यकलाप मुद्दों को सुगम बनाने के लिए निम्नलिखित क्षेत्रीय स्तर के शैक्षिक संस्थानों के साथ सहयोग स्थापित कियेः

(क) गुजरात विकास अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद के साथ एमओयू पर 27 अप्रैल 2017 को हस्ताक्षर किये।

(ख) समाज विज्ञान अध्ययन केंद्र (सीएसएसएससी), कलकत्ता के साथ एमओयू पर 20 जुलाई 2017 को हस्ताक्षर किये।

(ग) टाटा समाज विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस), गुवाहाटी के साथ एमओयू पर 06 अक्टूबर 2017 को हस्ताक्षर किये।

- Ukhfrxr enn~nk ij xgu cgl djus ,o çeq[k igyk dh çLrkj grq ep%

(i) संस्थान ने अनौपचारिक सैक्टर में काम करने वाली ट्रेड यूनियनों एवं सिविल सोसायटियों के प्रतिनिधियों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण पर श्रम संहिता के मसौदे पर विचार–विमर्श करने के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सहयोग से 06 अप्रैल 2017 को एक कार्यशाला का आयोजन किया।

(ii) बिहार सरकार द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से 12 अप्रैल 2017 को बिहार के विशेष संदर्भ में *'भारत में बाल श्रम की स्थिति – रुझानों का मानचित्रणः अध्ययन निष्कर्ष प्रसार* पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

(iii) सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण पर श्रम संहिता के मसौदे पर विचार–विमर्श करने के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के सहयोग से 13 अप्रैल 2017 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में एक कार्यशाला का आयोजन किया।

(iv) *राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना स्कीम (एनसीएलपी स्कीम) का निष्पादन मूल्यांकन एवं प्रभाव आकलन* पर एक कार्यशाला का आयोजन 08–09 मई 2017 को किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल श्रम के मुददे का समाधान करने में एनसीएलपी स्कीम की प्रभावकारिता की जाँच करना, जागरूकता सृजन के प्रभाव का आकलन करने तथा एनसीएलपी स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिला परियोजना सोसायटी स्तर पर जिला परियोजना सोसायटी स्टाफ का इष्टतम उपयोग करने के लिए सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करना है।

(v) श्रम के क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षाविदों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण पर श्रम संहिता के मसौदे पर विचार–विमर्श करने के लिए नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के सहयोग से नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली में 30 मई 2017 को एक कार्यशाला का आयोजन किया।

(vi) *'राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना का प्रभावी कार्यान्वयन'* पर एक कार्यशाला का आयोजन 06–07 सितम्बर 2017 को किया गया जिसमें देश के विभिन्न भागों से 189 परियोजना निदेशकों एवं अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

(vii) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के सहयोग से 26 सितम्बर 2017 को प्रवासी भारतीय केंद्र, नई दिल्ली में 'बाल श्रम' पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'पेंसिल' पोर्टल का शुभारंभ किया गया तथा माननीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का लोकार्पण किया गया।

(viii) *'भारत में रोजगार सृजन कार्यनीतियां'* पर एक विचार–मंथन सत्र का आयोजन संस्थान परिसर में 08 नवम्बर 2017 को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार द्वारा किया गया तथा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती एम. सत्यवती, सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने की।

(ix) बीड़ी सैक्टर की समस्याओं एवं मुद्दों की पहचान करने और इन मुद्दों के समाधान का पता लगाने के लिए संस्थान द्वारा *'बीड़ी सैक्टर से संबंधित मुद्दे'* पर एक कार्यशाला का आयोजन 15 – 17 फरवरी 2018 के दौरान किया गया। कामगार संगठनों के प्रतिनिधियों, चिकित्सा अधिकारियों, नियोजकों तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के संबंधित अधिकारियों सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

(x) *'विभिन्न श्रम कानूनों में केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा शुरु किए गए हालिया संशोधन'* पर एक कार्यशाला का आयोजन 22 – 23 फरवरी 2018 के दौरान किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पिछले दिनों में केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा शुरु की गयी उत्तम पहलों तथा इन पहलों को दोहराने के तरीकों एवं साधनों को साझा करना था।

- **Je eqnnks ls lacaf/kr lwpuk ,oa fo'ys"k.k dk çlkj %** संस्थान सात आंतरिक प्रकाशन, लेबर एंड डेवलपमेंट (छमाही पत्रिका), अवार्ड्स डाइजेस्ट (तिमाही पत्रिका), श्रम विधान (तिमाही हिंदी पत्रिका), वीवीजीएनएलआई इंद्रधनुष (द्विमासिक पत्रिका), चाइल्ड होप (तिमाही पत्रिका) तथा श्रम संगम (छमाही हिंदी पत्रिका) प्रकाशित करता है। संस्थान के अनुसंधान निष्कर्षों को मुख्यतः एनएलआई अनुसंधान अध्ययन श्रृंखला के माध्यम से प्रसारित किया जाता है। संस्थान ने वर्ष 2017–18 में 37 प्रकाशन प्रकाशित किये।

  वीवीजीएनएलआई की नवीनतम पहल सरकार के प्रमुख नीतिगत हस्तक्षेपों और श्रम एवं रोजगार पर इनके प्रभाव पर फोकस किया जाता है। इस दिशा में संस्थान ने एक नया प्रकाशन 'वीवीजीएनएलआई पॉलिसी पर्सपेक्टिव्ज' शुरु किया है जिसका लोकार्पण श्रीमती एम. सत्यवती, सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय तथा अध्यक्ष, कार्यपरिषद, वीवीजीएनएलआई ने किया। वर्ष 2017–18 के दौरान वीवीजीएनएलआई पॉलिसी पर्सपेक्टिव्ज के निम्नलिखित दो अंक प्रकाशित किए गए:

  - ✓ बोल्ड इनीशिएटिव टु इन्क्रीज़ वीमेन्स पार्टिसिपेशन इन इंडियाज़ लेबर मार्किटः न्यू मेज़र्स इन मैटर्निटी बेनिफिट एक्ट – एस. के. शशिकुमार
  - ✓ टुवर्ड्स स्ट्रेंथनिंग दि रोल ऑफ एंप्लॉयर्स इन स्किल डेवलपमेंट – संतोष मेहरोत्रा

- **iqLrdky; ,oa lwpuk ç.kkyh%** संस्थान का पुस्तकालय, एन.आर. डे श्रम सूचना संसाधन केंद्र, देश में श्रम अध्ययनों के क्षेत्र में सबसे सम्पन्न पुस्तकालय है। वर्तमान में, पुस्तकालय में लगभग 65,115 किताबें/रिपोर्टें/सजिल्द पत्र–पत्रिकाएं हैं, तथा यह 178 व्यावसायिक पत्रिकाओं का अभिदान करता है। पुस्तकालय अपने पाठकों को विभिन्न व्यावसायिक सेवाएं उपलब्ध कराता है तथा पुस्तकालय की प्रयोज्यता सुकर बनाने के लिए विभिन्न उत्पाद भी उपलब्ध कराता है।

संस्थान ने नई वेब–आधारित पुस्तकालय सेवाओं को शुरु करने के लिए पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर का एक नवीनीकृत संस्करण '^,yvkbZch,lokbZ,l 10 bZtch^^ खरीदा है।

- vk/kfud Hkkjr dk vkdkj nsus esa Je dh Hkwfedk ij çdk'k Mkyuk% संस्थान ने श्रम से संबंधित ऐतिहासिक दस्तावेजों के शीर्ष भंडार के तौर पर काम करने हेतु श्रम पर एक डिजिटल आर्काइव स्थापित किया है। इसमें श्रम इतिहास के महत्वपूर्ण दस्तावेजों के ycj vkdkbo dh oscl kbV (www.indialabourarchives.org) esa viyksM fd;s gSa, yxHkx 190000 ist fMftVy :Ik esa gSA

श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार 30.01.2018 को आयोजित महापरिषद की बैठक में श्रीमती एम. सत्यवती, सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्री हीरालाल सामरिया, अपर सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्री अरुण गोयल, संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई की उपस्थिति में 'लेबर एंड डेवलपमेंट' प्रकाशन का लोकार्पण करते हुए

संस्थान का विज़न और मिशन

fo t u

संस्थान को श्रम अनुसंधान और प्रशिक्षण में वैश्विक रूप से प्रतिष्ठा प्राप्त ऐसे संस्थान के रूप में विकसित करना जो उत्कृष्टता का केन्द्र हो तथा कार्य की गुणवत्ता और कार्य संबंधों को बढ़ावा देने के प्रतिकृत संकल्प हो।

fe'ku

संस्थान का मिशन निम्नलिखित के माध्यम से श्रम तथा श्रम संबंधों को विकास की कार्यसूची में विशेष केन्द्र के रूप में स्थापित करना है:–

- कार्य की दुनिया में रूपांतरण के मुद्दे पर कार्रवाई करना
- श्रम तथा रोजगार से संबंधित मुख्य सामाजिक भागीदारों तथा पणधारियों के बीच कौशल तथा अभिवृत्ति और ज्ञान का प्रचार–प्रसार करना
- वैश्विक स्तर के अनुसंधानिक अध्ययनों और प्रशिक्षण हस्तक्षेपों को हाथ में लेना, और
- ऐसे विश्व प्रसिद्ध संस्थानों के साथ समझ निर्माण और साझेदारी बनाना जो श्रम से संबंधित हैं।

laLFkku dk vf/kns'k

जुलाई 1974 में स्थापित, भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का एक स्वायत्त निकाय वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान (वीवीजीएनएलआई), श्रम अनुसंधान और शिक्षा के एक शीर्ष संस्थान के रूप में विकसित हुआ है। संस्थान ने आरंभ से ही अनुसंधान, प्रशिक्षण, शिक्षा और प्रकाशन के माध्यम से संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में श्रम के विभिन्न पहलुओं से जुड़े विविध समूहों तक पहुँच बनाने का प्रयास किया है। ऐसे प्रयासों के केन्द्र में शैक्षिक अंतर्दृष्टि और समझ को नीति निर्माण और कार्रवाई में शामिल करना रहा है ताकि समतावादी और लोकतांत्रिक समाज में श्रम को न्यायोचित स्थान मिल सके।

mn~ns'; vkSj vf/kns'k

संगम ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उन विविध कार्यकलापों का उल्लेख किया गया है जो संस्थान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक हैं। संस्थान के अधिदेश में निम्नलिखित कार्यकलाप शामिल हैं:–

(i) स्वयं अथवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों तरह के अभिकरणों के सहयोग से अनुसंधान करना, उसमें सहायता करना, उसे बढ़ावा देना और उसका समन्वयन करना;

(ii) शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन करना और उनके आयोजन में सहायता करना;

(iii) निम्नलिखित के लिए स्कंध स्थापित करना

- क. शिक्षा, प्रशिक्षण और अभिमुखीकरण
- ख. अनुसंधान, जिसमें क्रियानिष्ठ अनुसंधान भी शामिल है
- ग. परामर्श और
- घ. प्रकाशन और अन्य ऐसे कार्यकलाप, जो संस्थान के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक हों

(iv) श्रम तथा संबद्ध कार्यक्रमों की योजना बनाने और उनके कार्यान्वयन में आने वाली विशिष्ट समस्याओं का विश्लेषण करना और उपचारी उपाय सुझाना

(v) लेख, पत्र–पत्रिकाएं और पुस्तकें तैयार करना, उनका मुद्रण और प्रकाशन करना

(vi) पुस्त्कालय एवं सूचना सेवाएं स्थापित एवं अनुरक्षित करना

(vii) समान उद्देश्य वाली भारतीय और विदेशी संस्थाओं और अभिकरणों के साथ सहयोग करना, और

(viii) फेलोशिप, पुरस्कार और वृत्तिकाएं प्रदान करना।

laLFkku dh lajpuk

संस्थान एक महापरिषद् द्वारा शासित है, जो एक त्रिपक्षीय निकाय है जिसमें सांसदों, केन्द्रीय सरकार, नियोक्ता संगठनों, कर्मकार संगठनों के प्रतिनिधि और श्रम के क्षेत्र में तथा अनुसंधान संस्थानों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ख्यातिप्राप्त व्यक्ति शामिल हैं। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री महापरिषद् के अध्यक्ष हैं। यह संस्थान के कार्यकलापों के लिए विस्तृत नीति संबंधी मानक निर्धारित करती है। महापरिषद् के सदस्यों के बीच से गठित कार्यपरिषद्, जिसके अध्यक्ष श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव होते हैं, संस्थान के कार्यकलापों को नियंत्रित, मॉनीटर एवं निर्देशित करती है। संस्थान के महानिदेशक मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं और इसके कार्यों के प्रबंधन एवं प्रशासन के लिए जिम्मेदार हैं। संस्थान के दिन प्रतिदिन के कामकाज में विविध विषयों में पारंगत संकाय सदस्य और प्रशासनिक स्टाफ महानिदेशक की सहायता करते हैं।

egkifj"kn~ dk xBu

1. श्री संतोष कुमार गंगवार — अध्यक्ष
   माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
   श्रम शक्ति भवन
   नई दिल्ली–110001

dsUnz ljdkj ds N% çfrfuf/k

2. श्रीमती एम. सत्यवती — उपाध्यक्ष
   सचिव (श्रम एवं रोजगार)
   श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
   श्रम शक्ति भवन
   नई दिल्ली

3. श्री हीरालाल सामरिया — सदस्य
   अपर सचिव
   श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
   श्रम शक्ति भवन
   नई दिल्ली

4. श्रीमती कल्पना राजसिंहोत — सदस्य
संयुक्त सचिव
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन
नई दिल्ली–110001

5. श्री अरुण गोयल — सदस्य
संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली

6. श्री सत्यनारायण मोहंती — सदस्य, सचिव
माध्यमिक एवं उच्चत्तर शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001

7. श्रीमती सुनीता सांघी — सदस्य
संयुक्त सलाहकार (एलईएम)
सलाहकार (श्रम एवं रोजगार)
योजना आयोग
नई दिल्ली–110001

deldkjk d nk çfrfuf/k

8. श्री बी. सुरेन्द्रन — सदस्य
अखिल भारतीय उप–आयोजन सचिव
भारतीय मजदूर संघ, केशावर कुदिल, 5 रंगासायी स्ट्रीट
पेराम्बूर, चेन्नई–600011

9. डॉ. जी. संजीव रेड्डी, भूतपूर्व सांसद — सदस्य
अध्यक्ष – इंटक
गली नं. 14, मकान नं. 658
जीएचएमसी, बर्कतपुरा
हैदराबाद – 500027 (आं.प्र.)

fu;kDrkvk d nk çfrfuf/k

10. श्री राजीव कपूर — सदस्य
कार्यकारी निदेशक – समूह एचआरएम
मिंडा इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (कारपोरेट कार्यालय)
गाँव नवादा फतेहपुर, पो. सिंकंदरपुर बड्डा
मानेसर – 122 004, जिला – गुड़गाँव

11. श्री जितेंद्र गुप्ता — सदस्य
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
लघु उद्योग भारती (एलयूबी)
181, पीताम्बर अपार्टमेंट
रचना नगर
भोपाल – 462023

pkj çfrf"Br 0;fDr ftUgku Je d {k= e vFkok ml l lcf/kr {k=k e mYy[kuh; ;kxnku fn;k g

12. श्री वीरेंद्र कुमार — सदस्य
भारतीय मजदूर संघ
कार्यालय – राम नरेश भवन
तिलक गली, चूना मंडी, पहाड़गंज
नई दिल्ली

13. श्री अरुण वशिष्ठ — सदस्य
एल – 242, शास्त्री नगर
मेरठ (उ. प्र.)

14. डॉ. टी. राजेश्वर राव — सदस्य
मकान नं. 7–1–44
बालासमुद्रम, हनुमाकोंडा
वारेंगल जिला
तेलंगाना – 506001

15. श्री टी. कृष्णमूर्ति — सदस्य
राज्य अध्यक्ष
भारतीय जनता मजदूर मोर्चा
तेलंगाना राज्य
1–2756/74, डोमालगुडा
हैदराबाद – 500029

nk lln lnL;
¼ykd lHkk vkj jkT; lHkk ls ,d&,d½

16.	श्री प्रह्लाद सिंह पटेल संसद सदस्य (लोक सभा) डॉ. बी. डी. मार्ग नई दिल्ली–110001	सदस्य
17.	श्री भूषण लाल जांगड़े संसद सदस्य (राज्य सभा) फ्लैट सं. 201, स्वर्णजयंती सदन डॉ. बी. डी. मार्ग नई दिल्ली–110001	सदस्य

vuqla/kku laLFkkuksa dk çfrfuf/k

18.	डॉ. राजीव कुमार गुप्ता, भा.प्र.से. महानिदेशक महात्मा गांधी श्रम संस्थान ड्राइव–इन रोड़, मेम नगर अहमदाबाद–380062 (गुजरात)	सदस्य

oh- oh- fxfj jk"Vh; Je lLFkku] uks,Mk dk çfrfuf/k

19.	डॉ. एच. श्रीनिवास महानिदेशक वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान सैक्टर–24, नौएडा–201301 जिला–गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.)	सदस्य–सचिव

vuql/kku

संस्थान के कार्यकलापों में अनुसंधान का प्रमुख स्थान है। संस्थान आरंभ से ही अनुसंधान कार्यों में सक्रिय रूप से लगा रहा है, जिसमें श्रम से जुड़े मुद्दों के विभिन्न आयामों पर क्रियानिष्ठ अनुसंधान भी शामिल है, और इन कार्यकलापों के केंद्र में सदैव ही ऐसे मुद्दे रहे हैं, जो सीमान्त, वंचित और श्रम बल के संवेदनशील वर्गों से संबंधित हैं।

संस्थान के अनुसंधान कार्यकलापों के मुख्य उद्देश्यों को तीन व्यापक स्तरों पर रखा जा सकता है:

- अनुसंधान किए जा रहे मामलों की सैद्धान्तिक समझ को उन्नत बनाना,
- समुचित नीतिगत प्रतिक्रियाओं के निर्माण के लिए आवश्यक सैद्धान्तिक और आनुभविक आधार बनाना, और
- क्षेत्र स्तरीय कार्यों/हस्तक्षेपों की खोज करना, जिसका मुख्य उद्देश्य श्रम बल के असंगठित वर्गों के सामने आने वाली समस्याओं को हल करना है।

इन उद्देश्यों में स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि अनुसंधान कार्यकलाप आवश्यक रूप में सक्रिय प्रकृति के हैं और इन्हें सदैव उभरती चुनौतियों के अनुरूप बनाया गया है। यह स्वीकार करना महत्त्वपूर्ण है कि ये उभरती चुनौतियां वैश्वीकरण के समसामयिक युग में तीव्र गति से अधिक जटिल होती जा रही हैं। इससे पहले कभी भी श्रम की दुनिया में हुए परिवर्तन इतने तीव्र और श्रम एवं रोजगार को प्रभावित करने वाले नहीं रहे। इन परिवर्तनों का अध्ययन करने तथा इनके प्रभाव, परिणामों और कार्य की दुनिया पर इनकी प्रासंगिकता का विश्लेषण करने के लिए समुचित अनुसंधान संबंधी रणनीतियों और कार्यसूची को तैयार किया जाना जरूरी है।

निस्संदेह, यह एक बहुत कठिन कार्य है और इस कार्य को वैज्ञानिक ढंग से किया जाना है ताकि अनुसंधान में संगत मुद्दों को शामिल किया जा सके। संस्थान के प्रत्येक अनुसंधान केंद्र को अनुसंधान के प्रमुख मुद्दों को स्पष्ट ढंग से इंगित करना चाहिए और अन्वेषण किए जाने वाले महत्त्वपूर्ण घटकों के ब्यौरे भी तैयार करने चाहिए। इससे न केवल यह सुनिश्चित होगा कि संस्थान के अनुसंधान कार्यकलापों में वैश्वीकृत व्यवस्था में श्रम के समक्ष उभर रहे प्रमुख मुद्दों को शामिल किया गया है अपितु संबंधित क्षेत्रों में विशिष्टता भी हासिल हो सकेगी, जो किसी भी अनुसंधान केंद्र के शैक्षिक स्तर को बढ़ाने का महत्त्वपूर्ण उप्रेरक तत्व होगा।

इसी परिप्रेक्ष्य में संस्थान के विभिन्न अनुसंधान केंद्रों द्वारा शामिल किए जाने वाले अनुसंधान मुद्दों की रूपरेखा तैयार की गई है।

Je cktkj v/;;u dsUnz

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में अनुसंधान गतिविधियाँ विभिन्न केन्द्रों के तत्वावधान में चलाई जाती हैं। इन्हीं केन्द्रों में से एक, श्रम बाजार अध्ययन केन्द्र श्रम बाजार में चल रहे परिवर्तनों के विश्लेषणात्मक अध्ययन के लिए प्रतिबद्ध है। अनुसंधान गतिविधियों का उद्देश्य श्रम बाजार के परिणामों के उन्नयन हेतु नीतिगत निदेश प्रदान करना है। केन्द्र की वर्तमान गतिविधियाँ निम्नलिखित मुख्य मुद्दों पर केन्द्रित हैं।

- रोजगार और बेराजगारी
- प्रवासन और विकास
- कौशल विकास
- अनौपचारिक अर्थव्यवस्था एवं उत्तम कार्य

iwjh dj yh xbZ ifj;kstuk,a

1- Hkkjr esa vkarfjd çoklu dh cnyrh xfr'khyrk

रोजगार की तलाश में लोगों का बढ़ता गमनागमन कार्य की दुनिया में समसामयिक परिदृश्य को चिह्नित करता है। यह गमनागमन राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर एवं बाहर, दोनों जगह परिलक्षित होता है। वैश्वीकरण एवं आर्थिक उदारीकरण के कारण इस गमनागमन की एक प्रमुख विशेषता आर्थिक विकास एवं श्रमिक गतिशीलता के मध्य विचलन है। इसके फलस्वरूप व्यापक रूप से माना जाने वाला प्रवासन विरोधाभास पैदा होता है। ऐसा लगता है कि आर्थिक विकास को विकास एवं रोजगार में मंदी तथा प्रवासी आबादी में वृद्धि के तौर पर चिह्नित किया गया है।

यह विच्छेदन तीन पारस्परिक कारणों का परिणाम है। पहला, एक मापक समस्या – अधिकांश प्रवासन संकेतक प्रवासी आबादी के स्टॉक को मापते हैं और प्रवासन प्रवाह की काफी हद तक अल्प–परिगणना करते हैं। इस प्रकार, आजीवन प्रवासन को पर्याप्त रूप से दर्शाया जाता है जबकि मौसमी, आंचलिक एवं बदलते प्रवासन को अपर्याप्त रूप से दर्शाया जाता है। दूसरा – हो सकता है कि रोजगार संबंधों की बढ़ती अनौपचारिकता ने (असंगठित–अनौपचारिक क्षेत्र में प्रचलित बड़े पैमाने पर अनियंत्रित रोजगार पैटर्न के साथ) मापक समस्या को बढ़ाते हुए स्थानिक विच्छेदन को श्रम आपूर्ति एवं उन्हें प्राप्त करने वाले क्षेत्रों के बीच स्पष्ट अंतर के धुंधलेपन के साथ और भी मजबूत किया हो। अंत में, और शायद अधिक महत्वपूर्ण रूप से, अब यह तेजी से स्पष्ट है कि श्रम प्रवासन की अवधारणा, श्रम की गतिशीलता के सभी रूपों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपर्याप्त हो सकती है।

19वीं शताब्दी के मध्य में विकसित प्रवासन की अवधारणा ने लोगों के स्थानिक गमनागमन को औद्योगिकीकरण एवं शहरीकरण (ग्रामीण–शहरी प्रवासन) के साथ जोड़कर परिभाषित किया। इसी विचार से नीतिगत उपायों को भी तैयर किया गया था। विभिन्न संशोधनों के साथ यह अवधारणात्मक प्रतिमान आज भी रोजगार की तलाश में लोगों के गमनागमन के विवरण बताता है। 1970 के दशक के मध्य में प्रवासन प्रतिमान के साथ असंतोष के कारण एक विकल्प के तौर पर श्रम परिसंचरण की खोज हुई। हालांकि श्रमिक गतिशीलता के अनेक पहलू अभी भी प्रवासन के मौजूदा प्रतिमान के दायरे से बाहर हैं। इनमें शामिल हैं: एक ही अवस्थिति के भीतर गतिशीलता (शहरी या ग्रामीण परिवेश के भीतर), व्यवसायों के बीच गतिशीलता, किसी एक व्यवसाय के भीतर गतिशीलता एवं सैक्टरों (जैसे कि औपचारिक सैक्टर से अनौपचारिक सैक्टर, विनर्माण से सेवा, मजूदरी व्यवसाय से स्व–रोजगार) के बीच गतिशीलता। प्रवासन प्रतिमान के दायरे से गतिशीलता के इन रूपों के अपवर्जन से सैद्धांतिक एवं नीतिगत, दोनों प्रकार के प्रभाव होते हैं। काम की दुनिया में लोगों के गमनागमन के अध्ययन के लिए अवधारणात्मक आधार को पुनः आकार देना शायद आज अनिवार्य हो गया है।

अवधारणा को पुनः आकार देने की आवश्यकता को देखते हुए श्रम प्रवासन प्रवाह का विश्लेषण विश्व के विभिन्न स्थानों और विभिन्न कालों में करना अभी भी महत्वपूर्ण है। यह अभ्यास प्रवासन के बाहरी एवं आंतरिक, दोनों पैटर्नों के परिमाण के व्यापक क्रमों को मापने में सक्षम बनाएगा। यह प्रवासन प्रवाह के लैंगिक, सामाजिक एवं क्षेत्रीय संघटन में परिवर्तन और निरंतरता के मुद्दों का भी समाधान करेगा। इसके आलोक में प्रवासन प्रवाह की तीव्रता और विविधीकरण के मुद्दों पर भी विचार किया जा सकता है। यहाँ, इन प्रवृत्तियों और पैटर्नों को निर्धारित करने के लिए मैक्रो स्तर पर उपलब्ध डाटा स्रोतों को फिर से जांचना महत्वपूर्ण होगा। डाटा स्रोतों पर विचार–विमर्श गतिशीलता के अब तक अनछुए पहलुओं का पता लगाने के साथ–साथ ऐसी डाटा सृजन प्रणाली के डिजाइन में सुधार के लिए सुझाव की संभावनाओं को पैदा कर सकते हैं।

इसी संदर्भ में निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ यह अध्ययन शुरु किया गया:

- आंतरिक प्रवासन के डाटा स्रोत, उनकी कमियां तथा उन कमियों को दूर करने के लिए क्या किया जना चाहिए?
- भारत में आंतरिक प्रवासन के वर्तमान पैटर्न क्या हैं, तथा वे एक क्षेत्र में दूसरे क्षेत्र से कैसे भिन्न हैं? क्या ये पैटर्न समय के साथ बदलते रहते हैं?
- आंतरिक प्रवासन के कौन से नये पैटर्न उभर कर आ रहे हैं?
- शहरी अनौपचारिक श्रम बाजार में प्रवासियों की जीवन एवं कार्यदशाएं कैसी हैं?
- प्रवासन और विकास के बीच क्या संबंध हैं?

v/;;u dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को अप्रैल 2017 में शुरु, एवं अक्टूबर 2017 में पूरा किया गया था

¼ifj;kstuk fun'kd% Mk- ,l- d- 'kf'kdekj] ofj"B Qyk½

2- Hkkjr&[kkMh Je çoklu xfy;kj e ifjorlu% #>ku vkj fu/kkjd

भारत जैसी तेजी से संरचनात्मक परिवर्तन से गुजर रही विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक प्रवासन, विशेषकर निम्न एवं मध्यम कौशलयुक्त श्रमिकों के प्रवासन काफी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि मजबूत आर्थिक विकास के साथ घरेलू माध्यमिक क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि नहीं हुई है। एक अतिरिक्त चालक तीव्र जनसांख्यिकीय संक्रमण है जिससे दुनिया में युवा आबादी का सबसे बड़े अनुपात में उदय हुआ। तथाकथित 'जनसांख्यिकीय लाभांश' का अस्तित्व अपने युवा श्रम बल के उत्पादनकारी क्षेत्रों में नियोजन पर निर्भर करता है। हालांकि, भारत में विनिर्माण जॉब के सुस्त सृजन के साथ आबादी के निम्न कौशल आधार के कारण अवसरों की एकबारगी ऐतिहासिक खिड़की से पूरा फायदा उठाने के प्रयासों में गतिरोध का खतरा होता है।

इस परिप्रेक्ष्य में देखते हुए, खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों का प्रवासन घरेलू स्तर के मैक्रो एवं माइक्रो प्रभावों के संदर्भ में काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। मैक्रो स्तर पर, पिछले दो दशकों में कामगारों द्वारा बढ़ते धन–प्रेषण से देश को अपने बाहरी भंडार को स्थिर करने में मदद मिली है। माइक्रो घरेलू स्तर पर, गरीबी कम करने तथा प्रवासी परिवारों के शैक्षिक एवं स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने में प्रवासन का काफी प्रभाव पड़ा है। कार्यबल के सापेक्ष निम्न कौशल स्तर के साथ देश की जनसांख्यिकीय संरचना को देखते हुए जनसांख्यिकीय लाभांश को अधिकतम करने के साथ–साथ आबादी के अपेक्षाकृत कमजोर वर्गों की आय एवं आजीविका संरचनाओं को बेहतर बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक प्रवासन को बढ़ावा देना भारत के लिए अनिवार्य हो जाता है। प्रवासी श्रमिकों के कौशल उन्नयन के माध्यम से एक अतिरिक्त लाभ होगा, जिसका उपयोग उनके घर लौटने के बाद किया जा सकता है।

इसी संदर्भ में यह अध्ययन निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ शुरु किया गया:

- खाड़ी देशों को भारतीय श्रमिक प्रवाह के रुझानों एवं विशेषताओं में प्रमुख परिवर्तनों को चित्रित करना।
- भारत के साथ–साथ प्राप्तकर्ता देशों में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक प्रवासन से संबंधित विनियामक ढांचों में परिवर्तनों की जांच करना।
- प्रवासन लागतों के घटकों का विश्लेषण करना तथा निम्न कौशल वाले प्रवासियों द्वारा किए गए कुल प्रवासन लागत का अनुमान लगाना।

- खाड़ी देशों में मांग जा रहे कौशल की बदलती संरचनाओं का आकलन करना।
- प्रवासन परिणामों में सुधार और प्रवासन–विकास संबंध को मजबूत करने के लिए नीति हस्तक्षेपों के सुझाव देना।

v/;;u dk 'k# ,o ijk djus dh frfFk

अध्ययन को जुलाई 2017 में शुरु, एवं मार्च 2018 में पूरा किया गया था

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- ,l- d- 'kf'kdekj] ofj"B Qyks½

tkjh ifj;kstuk,

1- jkstxkj dk u, :i% enn vkj ifjç{;

यह अनुसंधान अध्ययन श्रम अनुसंधान संस्थानों के ब्रिक्स नेटवर्किंग के तत्वावधान में शुरु किया गया है। यह अध्ययन कार्य का भविष्य विषय के आईएलओ शताब्दी पहलों के तहत अवधारणाबद्ध है। इस अध्ययन में तीव्र प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों और रोजगार एवं रोजगार संबंधों के नए व्यापार मॉडलों के प्रभावों का विश्लेषण करेगा। इसमें संबोधित किए जा रहे विशिष्ट मुद्दों में ये शामिल हैं: रोजगार में नए रूपों की अवधारणा; रोजगार एवं रोजगार संबंधों को प्रभावित करने वाले प्रमुख मैक्रो–आर्थिक नीति उत्प्रेरक (वित्तीय, प्रौद्योगिकीय आदि); रोजगार के नए रूपों से निपटने के लिए परंपरागत एवं मानक रोजगार संबंधों की क्षमताएं। इस अध्ययन का उद्देश्य अवसरों एवं रोजगार के नए रूपों द्वारा पेश की गई चुनौतियों को दूर करने के लिए नीतिगत रूपरेखा प्रदान करना है।

v/;;u dk 'k# ,o ijk djus dh frfFk

अध्ययन को दिसम्बर 2017 में शुरु किया गया था, एवं इसे मई 2018 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- ,l- d- 'kf'kdekj] ofj"B Qyks½

2- Hkkjr esa l{e ,o y?kq m|eksa ¼,e,lbZ½ esa xq.koÙkkiw.kZ jkstxkj dk l`tu% dk;Zuhfr ,o vkxs dh jkg

इस अध्ययन के उद्देश्यों में ये शामिल हैं: क) भारत में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के आकार, विशेषताओं एवं संरचना का विश्लेशण करना; ख) हाल के वर्षों में भारत में लघु उद्योगों की भूमिका का अध्ययन करना और एमएसई के रुझानों एवं अवसरों की जांच करना; ग) इस बात की जांच करना कि भारत में श्रम कानून एवं व्यापार का माहौल एमएसई के लिए कितनी सहूलियत देते हैं तथा एमएसई के विकास को प्रभावित करने वाले विभिन्न सामाजिक आर्थिक कारकों की भी जांच करना; और घ) भारत में एमएसई सैक्टर में गुणवत्तापूर्ण रोजगार के सृजन का समर्थन करने के लिए कार्यनीतियों की पहचान करना या सुझाव देना।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को जनवरी 2018 में शुरु किया गया था, एवं इसे अप्रैल 2018 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- /kU;k ,e- ch-] ,lksf,V QSyks½

3- ;qok jkstxkj vkSj m|ferk dks c<+kok nsuk% ^LVkVZ&vIl^ ds fo'ks"k lanHkZ esa v/;;u

इस अध्ययन के उद्देश्यों में ये शामिल हैं: क) अनौपचारिक रोजगार के विशेष संदर्भ में भारत में युवाओं की कार्यबल भागीदारी के आकार एवं विस्तार को समझना; ख) यह समझना कि स्टार्ट–अप भारत के युवाओं में कैसा परिवर्तन लाते हैं; ग) भारत में स्टार्ट–अप की क्रियाविधि, विनियामक प्रक्रिया और चुनौतियों का अध्ययन करना; घ) क्या स्टार्ट–अप युवाओं के रोजगार के औपचारीकरण की विधि है और स्टार्ट–अप के साथ युवाओं का आर्थिक एवं सामाजिक जीवन कैसे बदलता है; ङ) यह पता लगाना कि स्टार्ट–अप युवाओं के बीच रोजगार को कैसे बढ़ावा देते हैं।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2017 में शुरु किया गया था, एवं इसे सितम्बर 2018 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- /kU;k ,e- ch-] ,lksf,V QSyks½

çeq[k dk;Z'kkyk,@lEesyu

- ^Hkkjr esa jkstxkj l`tu uhfr;ka^ ij fopkj&eaFku l=

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान ने 08 नवम्बर 2017 को संस्थान परिसर में ‘भारत में रोजगार सृजन नीतियां’ पर विचार–मंथन सत्र का आयोजन किया।

श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन भाषण में माननीय मंत्री जी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के जनसांख्यिकीय लाभ का फल भोगने के लिए गुणवत्तापूर्ण रोजगार का सृजन करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हालांकि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय रोजगार के सृजन से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा हुआ नहीं है, इसने रोजगार सृजन के लिए समर्थकारी माहौल बनाने और निवेश को बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि वर्तमान सरकार ने कार्यबल के कौशलों के उन्नयन एवं उनकी नियोजनीयता के लिए अनेक नवाचारी पहल की हैं।

श्रीमती एम. सत्यवती, सचिव, श्रम एवं रोजगार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सरकार श्रम बाजार में नए प्रवेशकों की कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा

कि यह आईआर–4.0 के संदर्भ में खासकर महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें स्वचालन कार्य एवं कार्य संबंधों को तेजी से प्रभावित कर रहा है।

डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान ने स्वागत भाषण में इस बात पर प्रकाश डाला कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उत्तम एवं उत्पादक कार्य सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

श्रम एवं रोजगार अध्ययन के क्षेत्र से प्रसिद्ध विद्वानों, श्रम मुद्दों से संबंधित विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों, संस्थान की महापरिषद के सदस्यों और संकाय सदस्यों ने गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन की कार्यनीतियों को तैयार करने के लिए इस विचार–मंथन सत्र में भाग लिया।

इस विचार–मंथन सत्र का समन्वय डॉ. एस. के. शशिकुमार, वरिष्ठ फेलो ने किया।

श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार वीवीजीएनएलआई द्वारा आयोजित 'भारत में रोजगार सृजन नीतियां' पर विचार–मंथन सत्र के दौरान श्रीमती एम. सत्यवती, सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, सुश्री कल्पना राजसिंहोत, संयुक्त सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, डॉ. एच. श्रीनिवास महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई तथा श्री मनीष कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की उपस्थिति में संस्थान के कतिपय प्रकाशनों का लोकार्पण करते हुए

—f"k lca/k vkSj xzkeh.k Je dsUnz

बदलते कृषि संबंधों एवं इनके ग्रामीण श्रमिकों पर प्रभाव का समाधान करने एवं इनकी समझ बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि संबंध और ग्रामीण श्रम केंद्र की सथापना की गई। कृषि संबंधों और ग्रामीण श्रम बाजार की बढ़ती जटिलताओं को देखते हुए यह महसूस किया गया कि कृषि की स्थिति का पता लगाने एवं इसका अधिक वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से विश्लेषण करने के लिए ज्यादा विशेषज्ञता की आवश्यकता होगी, ताकि ग्रामीण श्रमिकों के विकास के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनूकूल नीतियों एवं कार्यक्रमों को तैयार किया जा सके। इसके अतिरिक्त, ढाई दशकों से अधिक का अनुभव भी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित करता है। कृषि संबंध और ग्रामीण श्रम केन्द्र के सृजन का यह एक प्रमुख तर्काधार है।

केन्द्र के अनुसंधान कार्यकलाप निम्नलिखित मुद्दों पर केन्द्रित हैं:

- वैश्वीकरण और ग्रामीण श्रम पर उसका प्रभाव,
- ग्रामीण श्रम बाजारों की बदलती संरचना की मैक्रो प्रवृत्तियां एवं पद्धतियां,
- संगठनात्मक कार्यनीतियों का प्रलेखन, मूल्यांकन और प्रचार–प्रसार,
- सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण श्रम,
- विभिन्न कृषि व्यवसायों का अध्ययन।

tkjh ifj;kstuk

1- d`f"k ladV rFkk lkekU;r% xzkeh.k Jfed ,oa fo'ks"kr% efgyk d`f"k Jfed

Ifj;kstuk ds mn~ns';

इस अध्ययन के उद्देश्य निम्न प्रकार हैं:

- देश में वर्तमान कृषि स्थिति को समझना, उसकी समीक्षा एवं विश्लेषण करना;
- सामान्यतः ग्रामीण श्रमिकों एवं विशेषतः महिला कृषि श्रमिकों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति की जाँच करना;
- विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याण कार्यक्रमों एवं ग्रामीण/कृषि श्रमिकों की स्थितियों की योजनाओं तक ग्रामीण कामगारों की पहुंच तथा उन पर इन कार्यक्रमों/योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन करना;
- ग्रामीण कामगारों की शिक्षा एवं कौशल आधार का अध्ययन करना;

- अपनी खुद की समस्याओं एवं इन समस्याओं के समाधान के बारे में ग्रामीण श्रमिकों की राय एवं व्यवहार के पैटर्न की जाँच करना;
- ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं का पता लगाना; और
- अध्ययन के आधार पर ग्रामीण श्रमिकों एवं महला कृषि श्रमिकों के सशक्तिकरण के लिए दृष्टिकोण एवं कार्यनीतियों के सुझाव देना।

v/;;u dk 'k# ,o iijk dju dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2016 में शुरु किया गया था, एवं इसे मई 2018 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;kstuk fun'kd½ Mk- iue ,l- pkgku] ofj"B Qyk½

çe[k dk;'kkyk@lfeukj

- ^chMh lDVj l lcf/kr enn^ ij ,d dk;'kkyk

बीड़ी सैक्टर की समस्याओं एवं मुद्दों की पहचान करने और इन मुद्दों के समाधान का पता लगाने के उद्देश्य से संस्थान में एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 15–17 फरवरी 2018 के दौरान किया गया। इस कार्यशाला में कामगार संगठनों के प्रतिनिधियों, चिकित्सा अधिकारियों, नियोजकों तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के संबंधित अधिकारियों सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला के एक हिस्से के तौर पर ''बीड़ी सैक्टर के मुद्दों का समाधान करना–आगे की कार्रवाई'' पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गयी।

jk"Vªh; cky Je lalk/ku dsUnz ¼,uvkjlhlh,y½

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में राष्ट्रीय बाल श्रम संसाधन केन्द्र (एनआरसीसीएल) की स्थापना यूनीसेफ, आईएलओ और श्रम मंत्रालय के साथ साझेदारी में काम करने हेतु उत्कृष्टता के केन्द्र के रूप में की गई है। इसकी स्थापना का उद्देश्य एक ऐसी केंद्रीय एजेंसी उपलब्ध कराना था, जो बाल श्रम पर काबू पाने के कार्य में सरकार,, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, एनजीओ, कामगार संगठनों, और नियोक्ता संगठनों सहित विभिन्न सामाजिक भागीदारों और हितधारकों के बीच सक्रिय सहयोग सुनिश्चित कर सके। यह केंद्र बाल श्रम के उत्तरोत्तर उन्मूलन के कार्य में कानून–निर्माताओं, नीति–निर्माताओं, योजनाकारों तथा परियोजना एवं कार्यक्रम कार्यान्वयनकर्ताओं और अन्यों का समर्थन करता है। केंद्र विभिन्न सरकारी विभागों, ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं, शिक्षविदों, समाज कार्य एवं सामाजिक विज्ञान के छात्रों, सीएसआर कार्यपालकों सहित विकास सैक्टर एवं कारपोरेट सैक्टर के कार्मिकों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों, आरडब्ल्युए के पदाधिकारियों, एनएसएस, एनवाईके और अन्य युवा समूहों, पंचायती राज संस्थाओं तथा बाल श्रम की रोकथाम एवं उन्मूलन की दिशा में कार्य करने वाले अन्य सामाजिक भागीदारों की क्षमताओं का विकसित करने का प्रयास करता रहा है।

एलआरसीसीएल की व्यापक गतिविधियों में शामिल हैं: अनुसंधान, प्रशिक्षण, प्रभाव आकलन, मूल्यांकन, निश्पादन आकलन, प्रशिक्षण मैन्युअल/मॉड्यूल/पैकेज विकसित करना, पाठ्यचर्या विकास, पक्ष–समर्थन, तकनीकी सहायता/सलाहकार सेवाएं/परामर्श, दस्तावेजीकरण, प्रकाशन, प्रसार, नेटवर्किंग, विभिन्न स्तरों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयासों को सुदृढ़ करते हुए अभिसरण को बढ़ावा देना तथा आबादी के विभिन्न समूहों के मध्य जागरूकता का सृजन करना जिससे जनता के दृष्टिकोण में परिवर्तन हो सके। इन कार्यकलापों का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकारों की नीतियों के उद्देश्यों की प्राप्ति में योगदान करना है।

vuqla/kku

अनुसंधान, एनआरसीसीएल के कार्यकलापों में से एक महत्वपूर्ण कार्य है। अनुसंधान परियोजनाओं के केन्द्र में निम्नलिखित विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है:

1. बाल श्रम के विभिन्न रूपों, बाल श्रम के निश्चयात्मक पहलुओं, निर्धारकों एवं निवारकों का पता लगाने के लिए, किए गए अनुसंधान अध्ययनों की समीक्षा करना।
2. बाल श्रम के स्थायीकरण के लिए जिम्मेदार कारकों पर सामाजिक–आर्थिक प्रभावों का अध्ययन करना।

3. उन भौगोलिक क्षेत्रों, जहां पर बाल श्रम का संकेंद्रण है तथा अर्थव्यवस्था के चुने हुए सैक्टरों, खासकर उन व्यवसायों और प्रक्रियाओं, जो बच्चों के लिए खतरनाक हैं एवं कानून द्वारा निषिद्ध हैं, में बच्चों के नियोजन पर बेंचमार्क सूचना का सृजन करना ।
4. बाल श्रमिकों के पुनर्वास के लिए कार्यनीतियां बनाना।
5. सफल अनुभव का प्रलेखन करके बाल श्रमिकों को काम से मुक्त करवाने की अवसर लागतों को स्पष्ट करना।

इन सूक्ष्म–स्तरीय अध्ययनों में जिन पहलुओं का अध्ययन किया गया है, उनमें समस्या की मात्रा, श्रमिक शोषण के लिए बच्चों की तस्करी, बाल श्रमिकों की कमजोरियां एवं असुरक्षिताएं, बाल संरक्षण तंत्र की संरचना एवं प्रकार्य, विधायी रूपरेखा और कानूनों का प्रवर्तन, सरकारी तथा गैर–सरकारी हस्तक्षेपों का प्रभाव, शिक्षा की स्थिति, जीवन तथा कार्य दषाएं, व्यावसायिक स्वास्थ्य जोखिम आदि शामिल हैं। एनआरसीसीएल ने कई अनुसंधान अध्ययनों और प्रमुख मूल्यांकन अध्ययनों को पूरा कर लिया है।

ijh dh xbl ifj;kstuk,a

1- fu"iknu dk ifj.kke dh leh{kk ,oa vkdyu% jk"Vh; cky Je ifj;kstuk ¼12oha iapo"khZ; ;kstuk vof/k½ dk eY;kadu

नीति–उन्मुख परियोजना मूल्यांकन अध्ययन करना तब महत्वपूर्ण हो जाता है जब इन अध्ययनों का उद्देश्य न केवल संगठनों एवं संस्थानों, अपितु उन नीतियों एवं परियोजनाओं, जो बहुपक्षीय तरीकों से जनसंख्या पर प्रभाव डालते हैं, की भी जांच करके इनकी समाज के लिए 'प्रासंगिकता' प्राप्त करना है। इसके अलावा, किसी भी कार्यक्रम की आवधिक समीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नीति–निर्माताओं को समय–समय पर उत्पन्न प्रगतिशील मांग के लिए कार्यक्रम को अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाने के लिए आवश्यक कमद उठाने में मदद करती है।

भारत में बाल श्रम की स्थिति काफी गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण रही है और इसने भारत में नीति–निर्माताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। बाल श्रम की मात्रा एवं व्यापकता विभिन्न राज्यों में भिन्न–भिन्न है, कुछ राज्यों में इसकी व्यापकता अधिक है जबकि अन्य राज्यों में यह तुलनात्मक रूप से कम है। बाल श्रम का फैलाव विभिन्न सैक्टरों में भी अलग–अलग है। उन प्रमुख सैक्टरों, जहां पर बाल श्रम अधिक मात्रा में है, को मुख्यतया कृषक, कृषि मजदूर, घरेलू उद्योग एवं अन्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

एनसीएलपी का यह मूल्यांकन अध्ययन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सौंपा गया है। इस मूल्यांकन अध्ययन के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार थेः i) बाल श्रम की पहचान

करने, एसटीसी के माध्यम से उनका शैक्षिक पुनर्वास करने और उन्हें नियमित स्कूलों में मुख्यधारा में लाने में एनसीएलपी की भूमिका का आकलन करना; ii) खतरनाक व्यवसायों एवं प्रक्रियाओं में किशोरों का पता लगाने एवं वहां से उनको मुक्त करने तथा कौशल प्रशिक्षण तक उनकी पहुंच को सुगम बनाने में एनसीएलपी की प्रभावकारिता की जांच करना।

v/;;u dk 'k# ,o iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को अप्रैल 2017 में शुरु, एवं मई 2017 में पूरा किया गया।

ifj;ktuk fun'kd% Mk- gyu vkj- ldj] ofj"B Qyk] Mk- ,yhuk lkerjk;] Qyk ,o Mk- fdx'kd ljdkj] Qyk½

2- ckxku lDVj e NkV ckxkuk e ikfjokfjd Je % nf{k.k Hkkjr d pfunk {k=k e efgykvk ,o cPPkk ij fo'k"k Qkdl d lkFk v/;;u

इस अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य थे: i) छोटे बागानों में रोजगार के हिस्से के तौर पर महिलाओं एवं बच्चों सहित 'परिवार' के काम में लगने की प्रकृति एवं सीमा तथा उसके आर्थिक प्रभावों को समझना; ii) यह अध्ययन करना कि वे कौन से सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक संदर्भ और कारक हैं जिनसे छोटे बागानों में अधिक पारिवारिक श्रम, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों की अधिक भागीदारी होती है; iii) छोटे बागानों में पारिवारिक श्रम में लैंगिक स्थिति की जाँच करना; iv) यह जाँच करना कि पारिवारिक श्रम में बच्चों के काम में लगने से उनकी शिक्षा, कौशल विकास एवं आकांक्षाओं पर क्या प्रभाव पड़ते हैं; अ) यह समझना कि पारिवारिक श्रम को महिलाओं एवं बच्चों द्वारा कैसा मानते हैं तथा इससे कोई विशिष्ट सामाजिक संबंध बनता है/सुदृढ़ होता है कि नहीं; v) सामाजिक सुरक्षा उपायों की सीमा का पता लगाना और इस सैक्टर में श्रमिकों को संगठित करना; तथा vi) वस्तु व्यापार में छोटे व्यापारियों/उत्पादाकों के विकास, योगदान एवं उनकी द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों की जाँच करना।

इस अध्ययन में यह पाया गया कि नीलगिरि और कुर्ग में छोटे उत्पादक मुख्य तौर पर पारिवारिक श्रमिकों प्रयोग करते हैं तथा दिहाड़ी मजूदरों का प्रयोग चाय बागानों में व्यस्ततम समय में तथा कॉफी बागानों में कटाई के व्यस्ततम समय में करते हैं। पारिवारिक भूमि धारण वाले बागानों में बच्चों द्वारा काम करने के मामले आजकल गिने–चुने हैं। अगली पीढ़ी षायद छोटे बागानों को रखने में रुचि न ले तथा यह अन्य वैकल्पिक आजीविका की तलाश में आगे बढ़ सकती है। इसके अलावा इन क्षेत्रों में चाय और कॉफी बागान किसी प्रकार से मोनोकल्चर वाले नहीं हैं बल्कि विविध फसलों एवं संबंधित कार्यकलापों का हिस्सा हैं। इस प्रकार उस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था केवल चाय या कॉफी की कीमतों पर निर्भर नहीं है। इस तरह के विविधीकरण के कारण प्राथमिक फसलों के उत्पादन में शामिल जोखिम कारक काफी हद तक कम हो गये हैं तथा यह पूर्वोत्तर में समान तरह के छोटे चाय उत्पादकों के विपरीत है। इस अध्ययन से यह अनुमान लगा कि छोटे बागानों में चाय या कॉफी का

उत्पादन करना फायदेमंद है हालांकि लाभ की मात्रा उतनी अधिक नहीं है। इसमें यह भी पता चला कि चाय के छोटे उत्पादकों के पास अपनी विनिर्माण सुविधाएं एवं खरीदी–पत्ती कारखाने नहीं हैं, वे अवसर का उपयोग करते हैं तथा पर्याप्त लाभ कमाते हैं। इस अध्ययन में यह सुझाव दिया गया है कि सभी संबंधितों, विशेषकर छोटे उत्पादकों के लिए सहकारी उत्पादन इकाइयों की स्थापना काफी महत्वपूर्ण है। गुणवत्ता चेतना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कुछ प्रयास किये जाने चाहिए क्योंकि तोड़ी गयी हरी पत्तियों की गुणवत्ता एक बड़ी चिंता का विषय है। श्रमिकों की कमी एक बड़ा मुद्दा है और अगली पीढ़ी द्वारा उदासीन होने के कारण यह कमी और बढ़ने वाली है।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2016 में शुरु, एवं अक्टूबर 2017 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- fdaxq'kqd ljdkj] Qsyks½

3- Hkkjr esa cky Je dh fLFkfr ij jkT;&fof'k"V çksQkby fodflr djuk

भारत ने बाल श्रम के सभी प्रकारों के सतत उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय बाल श्रम नीति अगस्त 1987 में अपनायी, बाल श्रम (प्रतिशेध एवं विनियमन) अधिनियम में जुलाई 2016 में संशोधन किए तथा आईएलओ अभिसमयों 138 एवं 182 का अनुसमर्थन किया। हालांकि, बाल श्रम का मुकाबला करने के लिए भारत सरकार द्वारा निरंतर कार्रवाई करने के बावजूद बच्चों द्वारा अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में काम करना जारी है। प्राकृतिक आपदाओं एवं सामाजिक संघर्षों ने पहले से ही चले आ रहे जटिल एवं व्यापक सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों को और जटिल बनाया है जिससे बाल श्रम की निरंतरता बनी हुई है। बाल श्रम पर नियत्रण में सहायता के लिए एक साक्ष्य–आधारित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से देश के चयनित राज्यों में कामकाजी बच्चों की मात्रा एवं प्रोफाइल का विस्तृत अध्ययन करने की आवश्यकता है। तदनुसार, इस अध्ययन में कामकाजी बच्चों के प्रति प्रभावी अनुक्रिया सुगम बनाने के उद्देश्य से सरकारी अधिकारियों, सिविल सोसायटी एवं अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को बाल श्रम का व्यापक प्रोफाइल प्रदान करने का एक प्रयास किया गया है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों में कामकाजी बच्चों के विभिन्न आयामों को निम्नलिखित बातों को दृष्टिगत रखते हुए स्पष्ट करना था: i) चयनित राज्यों में कामकाजी बच्चों के प्रोफाइल की स्थिति, ii) विभिन्न व्यवसायों एवं प्रक्रियाओं में बाल श्रम के विस्तार का अध्ययन, तथा iii) बाल श्रम से संबंधित राष्ट्रीय नीतियों, कानूनी ढांचों और सांस्थानिक संदर्भों का आकलन करना।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को फरवरी 2017 में शुरु, एवं जुलाई 2017 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- gyu vkj- lsdj] ofj"B Qsyks½

4- cky JEk ij lexz dkuuh <kpk e cky Je ¼çfr"k/k ,o fofu;eu½ l'kk/ku vf/kfu;e] 2016 dk egRoi.k fo'y"k.k

भारत में मुख्य रूप से वयस्क श्रमिकों के रोजगार एवं वेतन को संरक्षित करने के उद्देश्य से बाल श्रम को प्रतिबंधित करने के लिए कानूनी उपाय वर्ष 1881 में शुरु किये गये थे, हालांकि बाल श्रम की समस्या तब से ही है जब औद्योगिक क्रांति हुई थी तथा मानव गरिमा एवं श्रम को सबसे सस्ती कीमत पर बिक्री योग्य वस्तु के रूप में माना जाना शुरु हुआ। उन्नीसवीं शताब्दी में कई घटनाएं हुईं जिन्होंने बच्चों की कानूनी स्थिति में परिवर्तन ला दिया। यह परिवर्तन मुख्यतः इस अहसास के साथ हुआ कि समाज बाल देखभाल की जिम्मेदारी को अस्वीकार नहीं कर सकता है तथा 'राज्य संरक्षण' के तहत कानूनी ढांचे के केंद्र में बच्चे आने शुरु हुए। बाल श्रम की रोकथाम के कानूनों की शुरुआत तथा अनिवार्य शिक्षा ऐसे दो महत्वपूर्ण परिवर्तन थे जिन्होंने बच्चों की कानूनी स्थिति को प्रभावित किया। जब बच्चों का श्रमिक शोषण आम हो गया तो बाल श्रम को एक सामाजिक समस्या मानना एवं इससे उनकी रक्षा करना सबसे मुख्य मुद्दा बना।

इस अध्ययन के उद्देश्य इस प्रकार हैं: i) इन शोध अध्ययनों की प्रकृति और प्रयुक्त तरीकों, साधनों एवं विश्लेषणात्मक उपकरणों को समझने के लिए बाल श्रम नीति और कानून पर शोध एवं अन्य साहित्य की पहचान एवं जांच करना; ii) बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 की खासियत का विश्लेषण करना; iii) संशोधित अधिनियम को लागू करने के लिए श्रम प्रवर्तन तंत्र की मौजूदा क्षमता की जांच करना; iv) संशोधित अधिनियम में निषिद्ध खतरनाक व्यवसायों में बाल और किशोर श्रम का समाधान करने के लिए आवश्यक संरचना और तंत्रों का पता लगाना; और v) अनुसंधान निष्कर्ष एवं विश्लेषण का प्रलेखन करना तथा संस्तुति करना।

v/;;u dk 'k# ,o iijk dju dh frfFk

अध्ययन को फरवरी 2017 में शुरु किया गया था, एवं इसे जून 2017 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- gsyu vkj- lsdj] ofj"B Qsyks½

5- çys[ku] fMftVyhdj.k ,o çlkj d ek/;e l cky Je d fu/kkjdk dk fu#) djuk ¼Qst&2½

राष्ट्रीय बाल श्रम संसाधन केंद्र बाल श्रम के उन राज्य–विशिष्ट मुद्दों, जिनके अकादमिक एवं विकासात्मक सोच, और नीति–निर्माण एवं विभिन्न समूहों के क्षमता–निर्माण के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं, पर सूचना एवं जानकारी को हासिल करने एवं उसका प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जानकारी को प्रभावी ढंग से साझा करना इस बात पर निर्भर करता है कि आंतरिक रूप से अधिग्रहीत ज्ञान उत्पादों को एनआरसीएल कितनी कुशलतापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से प्रक्रियारत करता है और बाल श्रम का समाधान करने के लिए यह कौशलों एवं देश और दुनियाभर में विभिन्न क्षेत्रों से अधिग्रहीत ज्ञान उत्पादों का कितनी जल्दी फायदा उठाता है।

इस परियोजना के उद्देश्य इस प्रकार हैं: i) गैर–किताबी डाटा बेस, स्कैन किए हुए प्रलेखनों आदि का एक स्थान पर संग्रहण करना, ii) मांगकर्ताओं को बाल श्रम और अन्य संबंधित विषयों पर सही सूचना प्रदान करना, iii) अभिदत्त एवं इलेक्ट्रॉनिक तरीके से प्राप्त डाटाबेस का उपयोग करने के लिए आंतरिक के साथ–साथ बाह्य उपयोगकर्ताओं के लिए प्रावधान करना।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को जुलाई 2016 में शुरु किया गया था, एवं इसे फरवरी 2018 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd½ Mk- gsyu vkj- lsdj] ofj"B Qsyks½

tkjh ifj;kstuk,a

1- jk"Vªh; cky Je ifj;kstuk ds çHkkoh dk;kZUo;u ds fy, ftyk&Lrjh; fgr/kkjdksa dk lonsnhdj.k djus ,oa mudh {kerk c<+kus gsrq pqfuank ftyksa esa cPpksa ds jkstxkj dk {ks=h; fo'ys"k.k

संसद द्वारा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 को 22 जुलाई 2016 को संशोधित किया गया है तथा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 को 01 सितम्बर 2016 को अधिसूचित किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य साहित्य की व्यापक समीक्षा करके तथा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 अधिनियम के तहत संशोधित कानूनी प्रावधानों पर नियमों को तैयार करने के लिए देश भर में विभिन्न सामाजिक भागीदारों से नियमित आधार पर लिए गए विचारों, दृष्टिकोणों, सुझावों और टिप्पणियों का सार निकालते हुए बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के रूप में संशोधित बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986, के तहत नियमों के निर्धारण की प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में तकनीकी सहायता प्रदान करना है। इस परियोजना के उद्देश्यों में कार्यक्रम प्रबंधकों, एनसीएलपी के परियोजना निदेशकों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करना, संशोधन अधिनियम एवं इसके प्रावधानों पर श्रम प्रवर्तन तंत्र को जागरूकता प्रदान करना तथा मसौदा नियमों पर बहु–सामाजिक भागीदारों के राष्ट्रीय स्तर के परामर्श में योदान करना भी था। इसका उद्देश्य एनसीएलपी योजना के तहत बच्चों एवं किशोर श्रमिकों के सर्वेक्षण के लिए डाटा संग्रहण साधनों को अंतिम रूप देने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना भी है। यह परियोजना अपने विभिन्न कार्यकलापों के माध्यम से सीएलपीआर अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए उपायों, बाल श्रम की रोकथाम के लिए अन्य कार्यनीतियों के सुझाव देने के साथ ही कई तरह से योगदान देती है, जैसे तस्करी वाले एवं अंतर–राज्यीय प्रवासी बच्चों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं की संस्तुति करना; बाल श्रम पर जागरूकता एवं संवेदीकरण को बढ़ा करके तथा अधिक समन्वित दृष्टिकोण के माध्यम से बाल श्रम को रोकने एवं इस पर अनुक्रिया के लिए आवश्यक कौशल और

ज्ञान के साथ लैस करके जिला/राज्य स्तरीय हितधारकों की क्षमता को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के प्रभावी प्रवर्तन के लिए सिफारिश करना।

v/;;u dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को नवम्बर 2016 में शुरु किया गया था, एवं इसे मई 2018 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;ktuk fun'kd½ Mk- gyu vkj- ldj] ofj"B Qyk½

Áe[k dk;Z'kkyk,@lfeukj

- भारत में बाल श्रमिकों की स्थिति – रुझानों का मानचित्रण: बिहार के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन निष्कर्ष प्रसार कार्यशाला का आयोजन यूनिसेफ के सहयोग से 12 अप्रैल 2017 को पटना, बिहार में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बिहार के संदर्भ में अध्ययन के निष्कर्षों का प्रसार करना था ताकि बाल श्रम पर बिहार राज्य की कार्रवाई योजना को विकसित करने में नीतिगत निर्णय लेने में मदद मिल सके। इस कार्यशाला का उद्घाटन श्री विजय प्रकाश, माननीय श्रम मंत्री, बिहार सरकार ने किया। श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्य सचिव, एलआरडी, बिहार सरकार ने एक विशेष व्याख्यान दिया। श्री गोपाल मीणा, श्रम आयुक्त, बिहार, वीवीजीएनएलआई से डॉ. हेलन आर. सेकर, वरिष्ठ फेलो और डॉ. एलीना सामंतराय, एसोसिएट फेलो इस कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति थे।

श्री विजय प्रकाश, माननीय श्रम मंत्री, बिहार सरकार 'भारत में बाल श्रमिकों की स्थिति–रुझानों का मानचित्रण' पर कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए

- राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना स्कीम के निष्पादन मूल्यांकन एवं प्रभाव आकलन पर कार्यशाला का आयोजन 08–09 मई 2017 के दौरान किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल श्रम के मुद्दे का समाधान करने में एनसीएलपी स्कीम की कारगरता की जांच करना, उत्तम प्रथाओं को साझा करना, जागरूकता सृजन के प्रभाव के साथ एनसीएलपी स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिला परियोजना सोसायटी स्तर पर जिला परियोजना सोसायटी स्टाफ के इष्टतम उपयोग का आकलन करना था। इस कार्यशाला में कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, असम, तेलंगाना, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा पंजाब राज्यों के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना का कार्यान्वयन देख रहे 62 परियोजना निदेशकों, परियेजना प्रबंधकों एवं एनजीओ ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डॉ. हेलन आर. सेकर, वरिष्ठ फेलो, डॉ. एलीना सामंतराय, फेलो तथा डॉ. किंगशुक सरकार, फेलो ने संयुक्त रूप से किया।

राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना स्कीम के निष्पादन मूल्यांकन एवं प्रभाव आकलन पर कार्यशाला का उद्घाटन सत्र

- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के सहयोग से 26 सितम्बर 2017 को माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री संतोष कुमार गंगवार, की अध्यक्षता में प्रवासी भारतीय केंद्र (पीबीके) में राष्ट्रीय बाल श्रम सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह के द्वारा पेंसिल पोर्टल शुरु किया गया तथा मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर नोबेल

पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी तथा कई अन्य राज्य मंत्री, सरकारी अधिकारी, आईएलओ, यूनिसेफ, दूसरे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी और सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस सम्मेलन के विचार–विमर्श में बाल एवं किशोर श्रम पर केंद्रीय कानूनों में संशोधन, खतरनाक व्यवसायों, प्रक्रियाओं की अनुसूची में संशोधन और आईएलओ अभिसमयों 138 एवं 182 के अनुसमर्थन के बारे में राज्य सरकारों, एनसीएलपी स्टाफ और अन्य हितधारकों के संवेदीकरण पर फोकस किया गया। डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई ने 'बाल श्रम कानून के प्रवर्तन में मुद्देः वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान की भूमिका' पर एक प्रस्तुतीकरण पेश किया।

राष्ट्रीय बाल श्रम सम्मेलन के अवसर पर श्री राजनाथ सिंह, माननीय गृह मंत्री और श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति

राष्ट्रीय बाल श्रम सम्मेलन के तकनीकी सत्र में डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई तथा अन्य अधिकारीगण

- ^jk"Vªh; cky Je ifj;kstuk dk çHkkoh dk;kZUo;u^ पर एक कार्यशाला का आयोजन 06–07 सितम्बर 2017 को किया गया। इस कार्यक्रम के उद्देश्य इस प्रकार थेः (i) बाल श्रम सर्वेक्षण आयोजित करने एवं समन्वित करने के कौशल प्रदान करना; (ii) प्रतिभागियों को बाल श्रमिक परिवारों पर फोकस करने वाली विभिन्न स्कीमों के अभिसरण की क्षमताओं से लैस करना; (iii) एनसीएलपी की बहुपक्षीय कार्यनीति तथा एलएएल (पीआर) अधिनियम 1986 में संशोधनों की समझ विकसित करना। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों/राज्यों से 189 परियोजना निदेशकों एवं अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 'बाल श्रम की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए बहु–हितधारकों का क्षमता निर्माण' पर मुख्य व्याख्यान डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक ने दिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री राजीव अरोड़ा, संयुक्त सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का समन्वय डॉ. हेलन आर. सेकर, वरिष्ठ फेलो ने किया।

डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई 'राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना का प्रभावी कार्यान्वयन' पर प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य व्याख्यान देते हुए

jkstxkj lacaa/k vkSj fofu;eu dsUæ

रोजगार संबंध और इनके विनियमन का मुद्दा श्रम के क्षेत्र में हमेशा से एक प्रमुख वाद–विवाद करने योग्य एवं आकर्षक मुद्दा रहा है। रोजगार संबंधों में खासकर 1991 से तीव्र परिवर्तन हो रहे हैं। तदनुसार, संस्थान ने इस मुद्दे को यथोचित प्राथमिकता देते हुए इन परिवर्तनों और अन्य संबद्ध मामलों का अध्ययन करने हेतु काफी पहले, वर्ष 2001 में एक विशिष्ट केंद्र, नामतः रोजगार संबंध एवं विनियमन केंद्र स्थापित किया। इस केंद्र का उद्देश्य बदलते रोजगार संबंधों का अवबोधन विकसित करना है ताकि उचित कानूनी विनियमन ढांचे का नियमन करने तथा उपयुक्त सामाजिक संरक्षण उपाय विकसित करने में मदद मिल सके। केंद्र की अनुसंधान गतिविधियों में मुख्यतः निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित किया जाता हैः ट्रेड यूनियनें तथा उभरते सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य में उनकी भूमिका; अनौपचारिक तथा असंगठित क्षेत्र में उभरते रोजगार संबंध; अनौपचारिक तथा असंगठित क्षेत्र में रोजगार संबंधों के विनियमन में मौजूदा कानूनी ढांचे की सीमा; न्यायिक प्रवृत्ति में परिवर्तन तथा न्यूनतम मजदूरी का विनियमन आदि। केंद्र के अनुसंधान सलाहकार समूह (आरएजी) में शिक्षाविद और ट्रेड यूनियनों के साथ–साथ नियोक्ता संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधि होते हैं।

iwjh dh xbZ ifj;kstuk

1- Hkkjr esa Je ç'kklu] Je fujh{k.k ,oa lkekftd laokn ij ekufp=.k v/;;u dh leh{kk ,oa la'ys"k.k

lnHkZ%

यह अध्ययन सामाजिक संवाद एवं श्रम प्रशासन पर चार प्रारंभिक मानचित्रण अध्ययनों पर आधारित है। ये अध्ययन चार राज्यों नामतः तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में किये गये थे।

इस अध्ययन में भारत में जटिल कानूनी ढांचे तथा श्रम प्रशासन को मजबूत बनाने वाले संस्थागत तंत्र का पता लगाने का प्रयास किया गया। इस रिपोर्ट में पुरानी प्रबंधन प्रणाली सहित कमजोर संस्थागत क्षमता, कम स्टाफ एवं खराब समन्वय को मुख्य बाधाओं के तौर पर उजागर भी किया गया। विशेष रूप से यह स्पष्ट है कि भारतीय कार्यबल की अत्यधिक अनौपचारिक प्रवृत्ति खासकर श्रम निरीक्षण एवं प्रवर्तन के परिप्रेक्ष्य से अद्वितीय श्रम प्रशासन चुनौतियां पेश करती है।

इस अध्ययन में त्रिपक्षीय सामाजिक संवाद से संबंधित मुख्य चुनौतियों के साथ–साथ किन्हीं अच्छी प्रथाओं के उदाहरणों पर भी प्रकाश डाला गया है। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर त्रिपक्षीय सामाजिक संवाद को मजबूत बनाने हेतु सिफारिश भी की गयी है। रिपोर्ट में आगे राज्य स्तर पर त्रिपक्षीय संस्थागत तंत्रों यथा श्रम सलाहकार समिति, कल्याण बोर्ड, न्यूनतम मजूदरी बोर्ड और

औद्योगिक संबंध समिति के बारे में बताया गया है। इन संस्थागत तंत्रों द्वारा कई मामलों में पर्याप्त रूप से कार्य न करने के बावजूद इन्हें शासन के परिप्रेक्ष्य से महत्वपूर्ण और प्रासंगिक माना जाता है।

vu|l/kku v/;;u dk ifj.kke%

- पिछले ढाई दशकों में श्रम बल के अत्यधिक अनौपचारीकरण की अनुक्रिया में सरकार ने मुख्य रूप से राज्य–विशिष्ट कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा बोर्डों का गठन किया है। ये बोर्ड त्रिपक्षीय प्रकृति के हैं तथा इनका गठन तीन हितधारकों राज्य, नियोजक संगठन तथा ट्रेड यूनियन से बराबर संख्या में सदस्य लेकर किया जाता है।
- केरल के अलावा अन्य तीनों राज्यों में सामाजिक संवाद प्रभावी नहीं रहा है। केरल में त्रिपक्षीयता एवं मजूदर वर्ग एकता की अभी भी मजबूत संस्कृति है। बेहतर कार्य एवं जीवनदशाओं के साथ–साथ मजूदरी सुनिश्चित करने में यहां पर कार्यरत ट्रेड यूनियनें बहुत मुखर एवं प्रभावी हैं।
- केरल के अलावा अन्य तीनों राज्यों में विभिन्न सांविधिक एवं गैर–सांविधिक बोर्डों/समितियों ने एक निश्चित सीमा तक अपनी प्रभावकारिता खो दी है क्योंकि कुछ मामलों में ऐसे बोर्डों का पुनर्गठन लंबित रखा गया है तो कुछ अन्य मामलों में बार–बार अनुनय के बाद भी सदस्यों को नामित नहीं किया जा रहा है।
- केरल के अलावा अन्य राज्यों, विशेष रूप से महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु में पिछले ढाई दशकों में ट्रेड यूनियनों की सौदेबाजी की शक्ति में कमी आई है।
- राज्य मूल रूप से श्रम मानकों के नियामक के रूप में कार्य करने के बजाय पुनर्वितरण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।
- कुछ हद तक केरल के अलावा, सभी राज्यों में निरीक्षण तंत्र की कठोरता हाल के दिनों में मंद पड़ने के प्रमाण मिले हैं। यह अखिल भारतीय फिनॉमिना को हिस्सा है और नव–उदार आर्थिक वातावरण का परिणाम है। जहां एक राज्य औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने में दूसरे राज्य से प्रतिस्पर्धा करता है और खुद को सस्ते श्रम गंतव्य के रूप में बेचने की कोशिश करता है।
- विभिन्न श्रम कानूनों के कार्यान्वयन में भी क्षमता से काफी कम काम किया गया।
- श्रम प्रशासन स्वयं ही कुछ बाधाओं से ग्रस्त है। कार्य पूरा करने के लिए भौतिक अवरसंरचना एवं स्टाफ अपर्याप्त हैं। भौतिक अवरसंरचना एवं स्थान काफी सीमित हैं तथा ये अत्याधुनिक तकनीक/नवाचार से काफी कम हैं। औसतन 40 प्रतिशत मानव संसाधन रिक्त हैं।

- श्रम प्रशासन द्वारा सामना की जा रही तात्कालिक चुनौती यह है कि बढ़ते अनौपचारीकरण से कैसे निपटा जाएं? श्रम बल का अनौपचारीकरण अभी एक अपरिवर्तनीय प्रक्रिया लगती है।
- सुलह के लिए उठाये गये विवादों की संख्या पिछले वर्शों में काफी कम हो गयी है। द्विपक्षीय संवाद को त्रिपक्षीय संवाद पर तरजीह दी जा रही हैं। केंद्रीय उद्योग–व्यापी ट्रेड यूनियनों की जगह धीरे–धीरे इकाई–विशिष्ट यूनियन की गतिविधियां ले रही हैं।
- सभी चार राज्यों में उत्तम नौकरियों की काफी कमी है। निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी, लंबे कार्यघंटे, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों का विलयन, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा का अभाव, स्पष्ट नियोक्ता–कर्मचारी संबंधों का अभाव, लिखित अनुबंधों को समाप्त करना आदि से उत्तम नौकरियों की कमी स्वतः ही प्रकट होती है।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2016 में शुरु किया गया, एवं इसे दिसम्बर 2017 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- fdax'kqd ljdkj] Qsyks½

Tkkjh ifj;kstuk

1- fuf'pr&vof/k jkstxkj dk fofu;eu% ,d varj&ns'kh; ifjçs{;

lanHkZ

पिछले काफी समय से व्यक्तियों को निश्चित–अवधि संविदा (एफटीसी) के आधार पर रखे जाने का प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है और यह प्रवृत्ति भविष्य में भी रहने वाली है। एफटीसी में कामगारों को उनके रोजगार की समाप्ति के संदर्भ में निम्न स्तर का संरक्षण प्राप्त होता है, क्योंकि आम तौर पर एफटीसी की अंतिम तिथि को रोजगार की समाप्ति के लिए नियोक्ता द्वारा कोई कारण नहीं बताये जाते हैं। अतः चिंता का विषय यह है कि निश्चित–अवधि संविदा की अनिश्चित प्रकृति के कारण रोजगार संबंधी अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे यथा रोजगार संबंधी असुरक्षा, कार्यदशाओं एवं सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में नियमित एवं अनियमित कामगारों के बीच असमानता का बढ़ना तथा बढ़ता तनाव आदि उभर कर आते हैं। इन सभी पहलुओं का उपयुक्त समाधान किए जाने की आवश्यकता है। इसलिए निश्चित–अवधि संविदा रोजगार पर किसी भी विनियामक नीति में एक ओर कामगारों के सामाजिक संरक्षण तथा दूसरी ओर श्रम बाजार की लोचशीलता में संतुलन बनाने की आवश्यकता है। हालांकि, यह विनियमन विभिन्न देशों में व्यापक तौर पर भिन्न–भिन्न है। इस संदर्भ में, भारत में एक उपयुक्त विनियामक ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से उपयुक्त सबक लेने के लिए विश्व के

विभिन्न देशों में प्रचलित विभिन्न प्रकार की विनियामक नीतियों एवं प्रथाओं की पहचान करना एवं समझना रोचक होगा।

v/;;u dk y{; ,oa mn~ns';

इस अध्ययन का लक्ष्य उपयुक्त नीतिगत सबक लेने के लिए चयनित देशों में निश्चित–अवधि संविदा रोजगार के विभिन्न पहलुओं के विनियमन से संबंधित नीतियों एवं प्रथाओं की मुख्य विशेषताओं को पहचानना एवं समझना है। इस अध्ययन के मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार हैं:

i) अनियमित अथवा निश्चत–अवधि संविदा प्रथा के ऐतिहासिक विकास का पता लगाना।

ii) निश्चत–अवधि संविदा प्रथा के प्रमुख विशेष गुणों एवं विशेषताओं की पहचान करना।

iii) चयनित देशों में निश्चित–अवधि संविदा रोजगार के विभिन्न पहलुओं के विनियमन से संबंधित नीतियों की पहचान करना एवं उनका विश्लेषण करना।

iv) चयनित देशों में निश्चित–अवधि संविदा रोजगार के विभिन्न पहलुओं के विनियमन, खास तौर से निश्चित–अवधि संविदा रोजगार संबंधी मौजूदा विनियमन से संबंधित प्रथाओं की पहचान करना।

v) भारत के लिए एक उपयुक्त नीतिगत ढांचा तैारी करने की दृष्टि से इन विनियामक नीतियों एवं प्रथाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करना।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

इस अध्ययन को अगस्त 2017 में शुरु किया गया, एवं इसे जुलाई 2018 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- lat; mik/;k;] Qsyk½

çeq[k dk;Z'kkyk

- विभिन्न श्रम कानूनों में केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा शुरु किए गए हालिया संशोधन' पर एक कार्यशाला का आयोजन 22–23 फरवरी 2018 के दौरान किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा शुरु की गयी उत्तम पहलों तथा सुधार के अन्य उपायों एवं अनुकरणीय प्रथाओं को साझा करना था। श्री सुरेंद्र नाथ, भूतपूर्व मुख्य श्रम आयुक्त तथा भूतपूर्व सचिव, भारत सरकार ने इस कार्यशाला में उद्घाटन व्याख्यान दिया। कार्यशाला के पहले दिन केंद्र सरकार द्वारा

श्रम कानूनों में किए गए हालिया संशोधनों, श्रम सुविधा पोर्टल की मुख्य विशेषताओं, विभिन्न श्रम संहिताओं के मसौदों की विशेषताओं तथा दिल्ली सरकार की सुधार पहलों पर फोकस किया गया।

दूसरे दिन, चर्चा श्रम कानूनों में राज्यों द्वारा किए गए संशोधनों तथा उनके द्वारा उठाये गये अन्य सुधार उपायों पर केंद्रित रही। इस कार्यशाला में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधिकारियों, मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय के अधिकारियों, राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन सत्र की अध्यक्षता सुश्री कल्पना राजसिंहोत, संयुक्त सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने की। इस कार्यशाला का समन्वय डॉ. संजय उपाध्याय, फेलो, वीवीजीएनएलआई ने किया।

सुश्री कल्पना राजसिंहोत, संयुक्त सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय 'श्रम कानूनों में हालिया संशोधन' पर एक कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए

,dhd`r Je bfrgkl vuqla/kku dk;ZØe ¼vkbZ,y,pvkjih½

,dhd`r Je bfrgkl vuqla/kku dk;ZØe% ifjp;

- वीवीजीएनएलआई में आईएलएचआरपी की स्थापना 24 जुलाई 1998 को एसोसिएशन ऑफ इंडियन लेबर हिस्टोरियन्स (एआईएलएच) के सहयोग से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के आधार पर की गयी। इस एमओयू का नवीकरण हर पाँच वर्ष में किया जाता है, पिछली बार यह नवीकरण 2015 में किया गया है।
- इस कार्यक्रम का समग्र लक्ष्य भारत में श्रम के संबंध में ऐतिहासिक अनुसंधान प्रारंभ करना तथा संगठित एवं असंगठित, दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों से संबंधित रिकॉर्ड का परिरक्षण करना है। इसका उद्देश्य ऐतिहासिक अनुसंधान का समसामयिक नीति–निर्माण के साथ एकीकरण करना भी है।

dk;ZØe dh lajpuk



Hkkjrh; Jfedksa dk fMftVy vfHkys[kkxkj dh fo'ks"krk,¡

- पूर्णतया डिजिटल संरचना
- एकीकृत मल्टीमीडिया भंडारण एवं पुनःप्राप्ति प्रणाली
- सवंर्धित उपयोगकर्ता पहुंच
- ऐतिहासिक एवं समसामयिक रिकॉर्ड का एकीकरण
- असंगठित सैक्टर के श्रमिकों के रिकॉर्ड पर फोकस

ijh dh xbZ ifj;kstuk,a

1- Hkkjrh; Je lEesyu nLrkostksa dk vuqlaèkku ,oa laxzg.k] 1942&2016

भारतीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) एक त्रिपक्षीय परामर्शी निकाय (सरकार, नियोक्ता संघ एवं ट्रेड यूनियन सहित) है तथा यह श्रम नीति बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। सरकार द्वारा ली गयी प्रमुख नीतिगत पहलें यथा न्यूनतम मजूदरी, असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध आदि आईएलसी की सिफारिशों के अनुसार परिणाम हैं। भारतीय श्रम सम्मेलन अपने त्रिपक्षीय स्वरूप में 1942 से ही अस्तित्व में है जब डॉ. बी. आर. अंबेडकर की अध्यक्षता में इसकी पहली बैठक हुई थी। अब तक आईएलसी के 46 सत्र आयोजित किये जा चुके हैं।

यह परियोजना निम्नलिखित दस्तावेजों के डिजिटलीकरण के उद्देश्य से शुरु की गयी:

क) आईएलीसी, 1942–2016 की कार्यवाहियों का संग्रहण

ख) एसएलसी, 1942–2016 की कार्यवाहियों एवं कार्यवृत्त का संग्रहण

ग) राज्य श्रम मंत्रियों के सम्मेलनों की कार्यवाहियों का संग्रहण

2- vukSipkfjd lSDVj ds dkexkjksa dk ekSf[kd bfrgkl

भारत में अनौपचारिक सैक्टर की व्यापकता को देखते हुए अनियंत्रित कामगारों का अध्ययन आईएलएचआरपी का एक प्रमुख सरोकार रहा है। इसकी अनेकों संग्रहण एवं अनुसंधान परियोजनाओं में विभिन्न उद्योगों और व्यवसायों में असंगठित सैक्टर के कामगार प्रमुख रहे हैं। वर्तमान में, हमारे पास अनौपचारिक कामगारों से संबंधित श्रव्य–दृश्य सामग्री उपलब्ध है। भारत के अदृश्य कार्यबल को सामने लाने में मौखिक इतिहास एवं जीवन इतिहास दृष्टिकोण महत्वपूर्ण विधि रहे हैं। वर्ष 2017–18 के दौरान आईएलएचआरपी ने या तो अकेले या फिर अन्य संस्थानों एवं विद्वानों के साथ मिलकर अनुसंधान परियोजनओं के माध्यम से अनौपचारिक कामगारों के जीवन इतिहास/मौखिक इतिहास का एक विशेषीकृत अभिलेखीय संग्रहण शुरु किया है।

विशेष तौर पर दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जीवन इतिहास दृष्टिकोण का प्रयोग करते हुए कुल 20 जीवन इतिहासों का संग्रहण किया गया है।

3- Jh txthou jke ds dk;Zdky ij Qksdl ds lkFk nfyr ,oa Jfed vkUnksyu dk laxzg.k

श्री जगजीवन राम, आजाद भारत के पहले श्रम मंत्री थे तथा शुरुआती वर्षों में उनके नेतृत्व में वायसराय की परिषद में श्रम मंत्री के तौर पर डॉ. बी. आर. अंबेडकर द्वारा शुरु किये गये कार्यों को और मजबूती प्रदान की गयी तथा न्यूनतम मजदूरी, ईपीएफओ एवं ईएसआईसी से संबंधित प्रमुख सामाजिक सुरक्षा विधान पारित किये गये। वर्ष 2017–18 के दौरान श्री जगजीवन राम के भाषणों, लेखों एवं सरकारी दस्तावेजों का व्यापक संग्रहण किया गया तथा इसका अब डिजिटलीकरण किया जा रहा है।

4- vUrjk"Vªh; Je laxBu dk bafM;k vkWfQl dh ekfld fjiksVZ 1929&1969

भारत आईएलओ का संस्थापक सदस्य है तथा आईएलओ का इंडिया ऑफिस दिल्ली में 1929 से काम कर रहा है। आईएलओ के दिल्ली ऑफिस ने भारतीय श्रम परिदृश्य और सामाजिक एवं आर्थिक नीति के मुद्दों पर व्यापक मासिक रिपोर्टें तैयार कीं। ये मासिक रिपोर्टें हमें इस अवधि के दौरान अधिनियमित कानूनों, सरकारी नीति एवं अन्य सरकारी सामग्री, ट्रेड यूनियनों या राजनैतिक आंदोलनों के बारे में पर्यावलोकन प्रदान करते हैं। यह संग्रहण शोध कर्ताओं एवं नीति निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण डाटाबेस है। 1929–1969 की अवधि का यह महत्वपूर्ण संग्रहण आईएलएचआरपी द्वारा अब प्राप्त हुआ है तथा इसका डिजिटलीकरण किया गया है।

5- Hkkjrh; Je vfHkys[kkxkj dk rduhdh mUu;u

डिजिटल अभिलेखन की प्रक्रिया में व्यापक तकनीकी अवरोधों के कारण बाधा आ रही है। पूरे विश्व में लाखों दस्तावेजों, पुस्तकों एवं संस्थागत संग्रहणों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है तथा इसे पब्लिक डोमेन में डाला जा रहा है। डिजिटल भंडारण क्षमता की लागत में कमी तथा तकनीक में तीव्र परिवर्तनों (क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डाटा एनलिटिक आदि) के चलते इसकी बहुत बड़ी मात्रा आईएलएचआरपी के लिए व्यापक चुनौती के साथ–साथ अवसर प्रदान करती है।

जेएसी की 29वीं बैठक में इन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा यह निश्चय किया गया कि अभिलेखागार की दीर्घकालिक स्थायित्व के उद्देश्य से इसे नये प्लेटफॉर्म पर ले जाने के लिए आईएलएचआरपी को अभिलेखागार के पुनर्व्यवस्थापन एवं तकनीकी उन्नयन के लिए इसकी व्यापक समीक्षा शुरु करनी चाहिए।

इस संबंध में 2017–18 के दौरान शुरु किए गए प्रमुख कार्य इस प्रकार हैं:

5-1- xzhuLVksu dk Mh Lisl esa rduhdh mUu;u ,oa lq/kkj

अभिलेखागार को डी स्पेस में अंतरित करना जिससे मौजूदा ग्रीनस्टोन हमें अभिलेखागार को और अधिक उपभोक्ता अनुकूल बनाने में तथा इसे अनुरक्षित एवं अद्यतन करने में आसान बनाता है।

इस सॉफ्टवेयर को डी स्पेस में अंतरित करने के विशिष्ट लाभ इस प्रकार हैं: क) यह आईएलएचआरपी अभिलेखागार की आवश्यकता को पूरा करने में पूरी तरह से अनुकूलन–योग्य है; ख) यह टेक्स्ट, ऑडियो, इमेजेज, मूविंग इमेजेज, एमपीईजी तथा डाटा सेट सहित सभी प्रकार की डिजिटल सामग्री को परिरक्षित करता है तथा इस तक पहुंच को आसान एवं खुला बनाता है, जो ग्रीनस्टोन में संभव नहीं था। यह बहुत अधिक आवश्यक था क्योंकि पाठ्य से लेकर दृश्य सामग्री का हमारा संग्रहण बढ़ रहा है; ग) इसका उपयोग उच्च शैक्षिक संस्थानों द्वारा किया जा रहा है, जिनके लिए यह शुरु में विकसित किया गया था। इस सॉफ्टवेयर का उपयोग राज्य अभिलेखागार, संग्रहालय, राज्य एवं राष्ट्रीय पुस्तकालयों, पत्रिका भंडार–गृहों, संघों (कंसोर्टियम) एवं व्यापारिक कंपनियों द्वारा अपनी डिजिटल परिसंपत्तियों का प्रबंधन करने के लिए किया गया है। इसके मौजूदा उपयोगकर्ताओं में भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, गोखले राजनीति शास्त्र एवं अर्थशास्त्र संस्थान, आईआईटी रुड़की, तथा कृषि विश्वविद्यालयों का विस्तृत डाटाबेस, कृषि कोष हैं।

हमने डी स्पेस को स्थापित किया है तथा इसे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार विन्यस्त करने की प्रक्रिया में हैं। हमने अपनी टीम को प्रशिक्षित किया है तथा वे नये सॉफ्टवेयर को सीख रहे हैं और इस पर काम कर रहे हैं और हमने अपनी सामग्री का नये प्लेटफॉर्म में अंतरित करना शुरु कर दिया है।

5-2- igy l ekt n lxg.k dk iu% Ldu djuk rFkk u; lxg.k dk fMftVyhdj.k

जैसा कि स्पष्ट है, उन्नयन एक जटिल प्रक्रिया है तथा इसमें पहले के फॉर्मेट, जिसके माध्यम से अभिलेखीय सामग्री का डिजिटलीकरण किया गया था, में पुनः काम करने की आवयकता होती है। मुख्यतः इसमें दो कार्य करने होते हैं।

- ### ekud Vhvkbl,Q,Q QkeV e iu% Ldu djuk

हमें पहले से मौजूद सामग्री में से कुछ को अधिमानित रेजलूशन (300 डीपीआई) में पुनः स्कैन और फिर उसे पीडीएफ फॉर्मेट में सहेजना पड़ा। इसकी आवश्यकता प्रमुख डिजिटल सामग्री के फॉर्मेट के मानकीकरण की आवश्यकता के कारण पड़ी। पहले के फॉर्मेट जीआईएफ और जेपीईजी (उनके अपव्ययी संपीड़न के कारण) को विश्व डिजिटल अभिलेखीय मानकों के बराबर का नहीं समझा गया। इसके साथ–साथ हमें उस सॉफ्टवेयर, जो दस्तावेज को पूर्ण पाठ–खोजने योग्य बनाता है, का उपयोग करके इसे पीडीएफ के रूप में स्कैन करना पड़ा और सहेजना पड़ा। इसके लिए हमने हाल ही में एबीबीवाई फाइन रीडर खरीदा है जो टीआईएफएफ इमेज से ओसीआर टेक्स्ट बनाता है तथा पीडीएफ डिजिटल प्रतियाँ भी बनाता है जिन्हें ऑनलाइन वितरित किया जा सकता है। यह कंप्यूटर द्वारा किसी मुद्रित या लिखित पाठ की पहचान को सक्षम बनाता है। इसमें वर्ण–दर–वर्ण पाठ की फोटो स्कैनिंग, स्कैन की गई इमेज का विश्लेषण, और उसके बाद वर्ण इमेज का वर्ण कोड में अंतरण शामिल है। इससे सामग्री को किसी विशेष दस्तावेज में खोजना संभव हो जाता है।

- ### foLr`r eVk MkVk l`tu

डी स्पेस प्लेटफॉर्म में संक्रमण के साथ मौजूदा मेटा डाटा को डबलिन कोर इलैक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड मेटाडाटा मानक का उपयोग करके संगत बनाया जाना है। यह वर्तमान में सभी संग्रहों के लिए किया जा रहा है।

6- Je bfrgkl y[ku

श्रम इतिहास लेखन आईएलएचआरपी का एक प्रमुख हिस्सा है। यह इस कार्यक्रम के तहत किए गए अनुसंधान एवं संग्रहण कार्यकलापों के प्रसार का एक महत्वपूर्ण साधन है। 2017–18 की अवधि के दौरान चार प्रमुख लेखन परियोजनाएं पूरी की गईं। इनमें से दो को प्रकाशित किया जा चुका है तथ अन्य दो प्रकाशनार्थ तैयार हैं।

- ग्लोबल लेबर हिस्ट्रीः टू एस्सेज़ – मार्कल वान डर लिंडेन, एनएलआई अनुसंधान अध्ययन श्रृंखला सं. 125/2017 के तौर पर प्रकाशित
- इंडियन माइग्रेंट लेबरर्स इन साउथ–ईस्ट एशियन एंड असम प्लांटेशंस अंडी दि ब्रिटिश इम्पीरियल सिस्टम – राणा पी. बहल, एनएलआई अनुसंधान अध्ययन श्रृंखला सं. 125/2017 के तौर पर प्रकाशित
- मेकिंग ऑफ दि वेज़ पॉलिसी इन लेट कॉलोनियल बॉम्बेः वेज़ एरियर्स एंड लेबर लेजिस्लेशन, आदित्य सरकार, 2017–18 में एनएलआई अनुसंधान अध्ययन श्रृंखला के तौर पर प्रकाशनार्थ
- पोस्ट कॉलोनियल मोबिलिटीः माईग्रेशन एंड डोमेस्टिक वर्क, कंटेम्परेरी कोलकाता, समिता सेन, 2017–18 में एनएलआई अनुसंधान अध्ययन श्रृंखला के तौर पर प्रकाशनार्थ

श्रमिक इतिहास पर 12वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन लेबर हिस्टोरिअंस के सहयोग से वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में 26–28 मार्च 2018 के दौरान 'श्रमिक इतिहास पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। भारत सहित दुनिया के 10 देशों के श्रमिक इतिहास के 80 प्रसिद्ध विद्वानों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के दौरान लगभग 34 अनुसंधान पेपर प्रस्तुत किए गए तथा उन पर चर्चा की गयी।

इस सम्मेलन का मुख्य विषय था "विगत के आइने में काम का भविष्य"। इस सम्मेलन में संभावित भावी प्रवृत्तियों एवं नीति सूचकों के आलोक में विगत एवं वर्तमान में काम के बदलते प्रकारों एवं कार्य संबंधों के साथ प्रौद्योगिकी के संबंध पर फोकस किया गया।

डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई श्रमिक इतिहास पर 12वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उदघाटन व्याख्यान देते हुए

Çyx ,o Je v/;;u dn

लिंग और श्रम अध्ययन केंद्र की स्थापना का उद्देश्य कार्य की दुनिया में लैंगिक मुद्दों की समझ को सुदृढ़ बनाना और उसके समाधान के उपाय खोजना है। पूरे विश्व में अनेक देशों की विकासात्मक नीतियों के केंद्र में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण रहे हैं। भुखमरी एवं गरीबी के उन्मूलन में तथा वास्तव में सतत विकास को पाने में वर्ष 2015 के सतत विकास के लक्ष्यों में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता की केंद्रीयता को स्वीकार किया गया है। वैश्विक श्रम बाजारों में श्रम बल सहभागिता दरों एवं बेरोजगारी दरों में लैंगिक आधार पर अंतर लगातार बने हुए हैं। श्रम बाजार में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए इन मुद्दों का समाधान किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए शैक्षिक एवं नीतिगत, दोनों स्तरों पर ठोस प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

श्रम बाजार लैंगिक अंतर विकासशील देशों में अधिक हैं, तथा व्यावसायिक पृथक्करण में लैंगिक पैटर्नों के द्वारा अक्सर ये और बढ़ जाते हैं क्योंकि महिलाओं के अधिकतर काम सैक्टरों के सी. मित दायरे में केंद्रित होते हैं तथा ये कमजोर एवं असुरक्षित होते हैं। ये कामगार अधिकांशतः अनौपचारिक रोजगार यथा घरेलू कामगार, स्व–नियोजित, अनियत कामगार, उजरती दर कामगार, गृह–आधारित कामगार, तथा कम कौशल, कम आय एवं कम उत्पादकता वाले प्रवासी कामगार होते हैं। इसके अलावा, लैंगिक आधार पर वेतन एवं मजदूरी में अंतर एक गंभीर मुद्दा है जिसका समाधान किए जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं के योगदान को अभी भी पुरुषों के योगदान के मुकाबले कम करके आंका जाता है तथा तोड़–मरोड़ पेश किया जाता है। उपलब्ध आंकड़े पक्षपातपूर्ण हैं तथा ये देश की अर्थव्यवस्था एवं इसके मानव संसाधनों की प्रकृति की विकृत धारणा को बनाए रखने में योगदान करते हैं, तथा अनुचित विचारों, नीतियों एवं कार्यक्रमों की वजह से पुरुषों एवं महिलाओं के बीच असमानता के दुश्चक्र को स्थिरता प्रदान करते हैं। श्रम बाजार में महिलाओं द्वारा सामना की जा रही बाधाओं को देखते हुए सतत विकास के वैश्विक लक्ष्यों को चिह्नित करने के लिए पूर्ण उत्पादक रोजगार और सामाजिक समावेश के नये लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लैंगिक समानता को बढ़ावा देना एवं महिलाओं को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है।

समावेशी विकास एवं पर्याप्त समानता, नीतियों के बारे में जागरूकता प्राप्त करने के लिए कौशल विकास, क्षमता निर्माण, सामाजिक संवाद तथा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के माध्यम से सशक्तिकरण लिंग एवं रम अध्ययन केंद्र के कुछ मुख्य कार्यकलाप होंगे। इस रूपरेखा के तहत केंद्र की गतिविधियों में संस्थान की स्थिति को लिंग एवं श्रम बाजार के विभिन्न आयामों पर अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं पक्षसमर्थन के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान बनाने की संकल्पना की गयी है।

iwjh dh xbZ ifj;kstuk,a

1- dk;ZLFky ij ;kSu mRihM+u dh jksdFkke ij çf'k{kdksa dk çf'k{k.k ekWM~;wy

mn~ns';%

मॉड्यूल 1: यौन उत्पीड़न को समझना

मॉड्यूल 2: यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए वैश्विक पहल

मॉड्यूल 3: कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम में राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण घटनाएं

मॉड्यूल 4: कार्य की दुनिया में यौन उत्पीड़न को रोकना

मॉड्यूल 5: आंतरिक शिकायत समिति/स्थानीय शिकायत समिति के प्रभावी कार्यचालन की ओर

मॉड्यूल 6: कार्य की दुनिया में सतत समावेशी वातावरण का निर्माण

मॉड्यूल 7: अच्छी प्रथाएं

vuqla/kku v/;;u dk ifj.kke%

वर्तमान मॉड्यूल महिलाओं के लिए कल्याणकारी इस कानून के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में एक प्रयास है और यह यौन उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए मौजूदा तंत्र पर नियोक्ता के परिप्रेक्ष्य से संबंधित है। यह माना जाता है कि यौन उत्पीड़न के मामलों की रिपोर्ट करने में कम शिक्षित महिलाओं की तुलना में शिक्षित महिलाएं अधिक विश्वास रखती हैं और शैक्षिक स्थिति में सुधार के साथ महिलाएं इस पुरुष प्रधान समाज में उनके द्वारा सामना किए जा रहे अन्याय को व्यक्त करने में अधिक आत्मविश्वासी बन जाती हैं। इसलिए, कार्यस्थल में कदाचार के इस वीभत्स रूप से महिलाओं की रक्षा करने के लिए कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न समिति का गठन अनिवार्य हो जाता है क्योंकि इससे न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सेवा पर प्रभाव पड़ता है अपितु कार्यस्थल की संस्कृति और छवि भी प्रभावित होती है। इस मॉड्यूल में जमीनी स्तर तक पहुंचने में प्रशिक्षुओं के लाभ के लिए एक ही स्थान पर सारी जानकारी है।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को मई 2016 में शुरु, एवं अगस्त 2017 में पूरा किया गया था।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- 'kf'k ckyk] Qsyks½

2- fMftVy [kkbZ dks de djus ds fy, vkbZlhVh vfuok;Zrk,% ySafxd ifjizs{;

mn~ns';%

- उन सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक बाधाओं का अध्ययन करना जो यौन उत्पीड़न को समझना जो आईसीटी उद्योग में महिला कर्मचारियों के प्रवेश में बाधक हैं।
- महिलाओं के विकास के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आईसीटी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा करना।
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार अथवा व्यावसायिक अवसर प्रदान करने में आईसीटी की भागीदारी का आकलन करना।
- आईसीटी उद्योग में कार्यरत महिलाओं की समस्याओं यथा कार्य, जीवन संतुलन का प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रभाव, रात की पाली में काम करना आदि का विश्लेषण करना।
- आईसीटी नीतियों या कार्यनीतियों के लिए सुझाव देना, यह भारत के विकास में लिंग को मुख्यधारा में लाने में सहायक होगा।

vuqla/kku v/;;u dk ifj.kke%

'शिक्षा और कार्यजगत में अंतरालः एक लैंगिक परिप्रेक्ष्य'' पर अध्ययन के उपरांत यह अनुसंधान कार्य, उन उभरते मुद्दों, जो कार्यजगत में महिलाओं की सहभागिता बढ़ा सकते हैं, को उजागर करने तथा यह पता करने कि कार्यबल में महिलाओं के बेहतर एकीकरण के लिए कैसे सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में समर्थकारी माहौल है, की दिशा में अगला कदम है। इस संदर्भ में वर्तमान अध्ययन निम्नलिखित व्यापक विषयों के साथ प्रस्तावित हैः—उन सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक बाधाओं का अध्ययन करना जो यौन उत्पीड़न को समझना जो आईसीटी उद्योग में महिला कर्मचारियों के प्रवेश में बाधक हैं; महिलाओं के विकास के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आईसीटी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा करना; आईसीटी उद्योग में कार्यरत महिलाओं की समस्याओं यथा कार्य, जीवन संतुलन का प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रभाव, रात की पाली में काम करना आदि का विश्लेषण करना; ऐसी आईसीटी नीतियों या कार्यनीतियों के लिए सुझाव देना जो भारत के विकास में लिंग को मुख्यधारा में लाने में सहायक होगा।

v/;;u dks 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को जुलाई 2016 में शुरु, एवं जून 2017 में पूरा किया गया था।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- 'kf'k ckyk] QSyks½

3- ?kjsyw dkexkj% jkstxkj lac/k rFkk U;wure osru fu/kkj.k dh tfVyrk

mn~ns';%

- अंशकालिक एवं पूर्णकालिक रोजगार में लगे घरेलू कामगारों की रोजगार की शर्तें एवं काम की दशाएं (घरेलू रोजगार में व्यापक अर्थ रोजगार संबंध)

- ऐसे कामगारों की लामबंदी और भेद्यता की सीमा (ऐसे कामगारों की पहचान भी)
- घरेलू कामगारों के लैंगिक आयाम
- मुआवजे के तरीके (न्यूनतम मजदूरी निर्धारण में समस्याएं)
- न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण तथा फलस्वरूप घर को कार्यस्थल एवं घर के मालिक को नियोक्ता मानने की समस्या
- घरेलू कामगारों के कल्याण बोर्ड की व्यवहार्यता

vuql/kku v/;;u ds ifj.kke%

- दो शहरों में घरेलू कामगारों की कार्य एवं जीवन दशाओं की जांच करना।
- समानताओं एवं विविधताओं की व्याख्या करना।
- ऐसे आधार का निर्माण करना जिससे न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की जा सके।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को जनवरी 2017 में शुरु, तथा जुलाई 2017 में तक पूरा किया गया था।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- fdx'kqd ljdkj] Qyks½

4- de etnjh vkj yfxd HknHkko% vle vkj if'pe cxky e ckxku dkexkjk dk ekeyk

mnn's;%

इस अध्ययन में निम्नलिखित मुद्दों पर विचार किया जाएगाः

1. वे श्रम बाजार संस्थान कौन–से हैं जो पूर्वोत्तर भारत में बागान कामगारों के लिए इस तरह की कम मजदूरी और खासकर महिला कामगारों के लिए मुआवजे में भेदभाव के लिए जिम्मेदार हैं।
2. इन संस्थानों (संगठनों और गतिविधियों) के कार्य क्या हैं जो वर्षों से कम मजदूरी और लैंगिक भेदभाव की निरंतरता को बनाए हुए हैं।
3. मजदूरी, कार्यदशाओं और चाय उद्योग में उत्पादन के संबंधों के मामले में ऐसे खंडित श्रम बाजारों के नतीजे क्या हैं?

vuql/kku v/;;u ds ifj.kke%

- पश्चिम बंगाल में बागान कामगारो की दैनिक मजदूरी की दरें दक्षिण भारत के चाय बागानों के कामगारों की दैनिक मजदूरी दरों के साथ–साथ कृषि क्षेत्र की न्यूनतम मजूदरी की तुलना में काफी कम हैं।

- पश्चिम बंगाल में मौजूद कतिपय श्रम बाजार संस्थान ऐसे निराशाजनक और गैर समावेशी श्रम बाजार परिणामों के लिए जिम्मेदार हैं।
- प्राथमिक स्तर से परे शिक्षा का अभाव, क्षेत्रों का सापेक्ष पिछड़ापन, शहरी अनौपचारिक क्षेत्र की लगभग नगण्य उपस्थिति, औद्योगिक वस्तुओं के लिए बागान कामगारों की मांग में कमी कुछ ऐसे औद्योगिक कारक हैं जो पश्चिम बंगाल में बागान क्षेत्रों के समावेशी विकास में कुल कमी के लिए जिम्मेदार हैं।
- इसके अलावा, प्रचलित मजूदरी के संदर्भ में लैंगिक भेदभाव को इस अर्थ में कायम रखा जा रहा है कि आश्रितों की परिभाषा पुरुष एवं महिला कामगारों के लिए अलग है। पुरुष कामगारों के लिए काम न करने वाली पत्नी और माता–पिता आश्रित हैं। महिला कामगारों के लिए काम न करने वाले पति और उनमे माता–पिता को आश्रित नहीं माना जाता है। चूंकि कुल मुआवजा नकद एवं गैर–नकद घटकों का योग होता है, महिला कामगारों के लिए कम गैर–नकद घटक का तात्पर्य है कि अन्य चीजें स्थिर रहती हैं, महिला कामगारों के लिए मुआवजा पुरुष कामगारों की तुलना में कम है। यह समान कार्य के लिए समान मजूदरी के सिद्धांत और समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 की भावना का उल्लंघन करता है।
- इस अध्ययन से उभरने वाली दो सबसे महत्वपूर्ण नीतिगत अनिवार्यताएं हैं: कुल न्यूनतम मजूदरी अधिसूचना प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर बागान मजूदरी का पुनः प्रवर्तन करना एवं लैंगिक भेदभाव पहलू का हटाना तथा राज्य को इस क्षेत्र के साथ–साथ उद्योग का समग्र विकास सुनिश्चित करने में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है, इससे अधिक जुड़ाव प्रभाव पड़ेगा।

v/;;u dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को जुलाई 2017 में शुरु, तथा अक्टूबर 2017 में पूरा किया गया था।

¼ifj;ktuk fun'kd% Mk- fdx'kd ljdkj] Qyk½

5- iokÙkj Hkkjr e efgyk dkexkjk d vokrfud dk;l ,o le; mi;kx iVu% f=ijk d fo'k"k lnHk e

mnn';%

- पूर्वोत्तर भारत में महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक प्रोफाइल की जांच करना।
- त्रिपुरा में महिलाओं के रोजगार की गतिकी को समझना।
- शिक्षा एवं श्रम बल प्रतिभागिता के बीच संबंधों का पता लगाना।
- सवेतन रोजगार में महिलाओं की भागीदारी में बाधक कारकों का विश्लेषण करना।

- श्रम के घरेलू विभाजन के संदर्भ में महिलाओं के अवैतनिक कार्य को समझना जिससे सांस्कृतिक प्रथाओं, सामाजिक मानदंडों जाति संबद्धता, जातीय पहचान आदि की भूमिका का पता लगाया जा सके।
- रोजगार गारंटी योजनाओं जैसे मौजूदा सामाजिक संरक्षण प्रावधानों तक महिलाओं की पहुंच की जांच करना तथा महिलाओं के जीवन पर उनके प्रभाव का विश्लेषण करना।
- महिलाओं के रोजगार एवं कल्याण के लिए उपयुक्त नीतियों पर चितंन करना।

vuqla/kku v/;;u dk ifj.kke%

इस अध्ययन ने शिक्षा और रोजगार के संबंधों का विश्लेषण करने के साथ त्रिपुरा में महिलाओं के रोजगार की स्थिति को समझने में योगदान दिया है। इसने त्रिपुरा में महिलाओं के अवैतनिक काम और समय–उपयोग पैटर्न पर गहन विश्लेषण भी प्रदान किया है। मनरेगा जैसे रोजगार गारंटी कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी का आकलन उन बाध्यकारी कारकों की पहचान के संबंध में किया जाता है जो महिलाओं को प्रदत्त रोजगार में भाग लेने के लिए हतोत्साहित करते हैं। इस अध्ययन में महिलाओं के अवैतनिक कार्य को मान्यता देने के लिए किए जाने वाले महत्वपूर्ण नीतिगत उपायों की भी सिफारिश की गयी है ताकि वे लाभकारी रोजगार में योगदान दे सकें। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रावधान, राष्ट्रीय लेखांकन आंकड़ों में महिलाओं के अवैतनिक कार्यों को लेना, देखभाल कार्य के सार्वजनिक प्रावधान, पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बेहतर अवसंरचना, प्रवासी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा आदि के संबंध में प्रमुख नीतिगत पहलों के रूप में हस्तक्षेप उभरे हैं जिनका समाधान किए जाने की आवश्यकता है।

v/;;u dk ’kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2016 में शुरु, तथा फरवरी 2018 में पूरा किया गया था।

¼ifj;kstuk funs’kd½ Mk- ,yhuk lkerjk;] QSyks½

Tkkjh vuqla/kku ifj;kstuk

1- d`f"k {ks= esa ;qok jkstxkj dh lEHkkouk,¡ ,oa vkSj pqukSfr;k¡

mn~ns’;

- भारत में विभिन्न आयु–वर्गों में कृषि में रोजगार के रुझानों को समझना।
- कृषि के साथ उनके जुड़ाव के संबंध में उनकी शिक्षा और कौशल–स्तर, उनके परिसंपत्ति अधिकार और सामाजिक समूह वर्गीकरण का आकलन करना।
- युवाओं के कृषि से दूर होने के कारणों की पहचान करना।

- भूमि और अन्य उत्पादक संपत्तियों तक पहुंच के संबंध में कृषि में युवा महिलाओं की स्थिति को आकलन करना।
- खेतों के आकार की उत्पादकता के विभिन्न संदर्भों में कृषि में श्रम मांग को निर्धारित करने वाले कारकों की पहचान करना।
- समग्र रोजगार क्षमता और विभिन्न कृषि विस्तार सेवाओं के बारे में प्रौद्योगिकी के उपयोग के प्रभाव का आकलन करना।
- कृषि को बढ़ावा देने केलिए विभिन्न संस्थागत व्यवस्थाओं की जांच करना और ग्रामीण युवाओं के बीच कृषि रोजगार को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत परिप्रेक्ष्य से उनका विश्लेषण करना।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को फरवरी 2018 में शुरु किया गया, तथा इसे जून 2018 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- ,yhuk lkarjk;] QSyks½

çeq[k dk;Z'kkyk

vrjk"Vªh; efgyk fnol ds volj ij 08 ekpZ 2018 dks ^efgyk l'kfDrdj.k* fo"k; ij dkO;&ikB dk vk;kstu

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च 2018 को 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर काव्य–पाठ का आयोजन किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में संस्थान के महानिदेशक डॉ. एच. श्रीनिवास ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए समाज में लैंगिक समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। काव्य–पाठ की शुरुआत करते हुए डॉ. हरीश अरोड़ा ने अपनी कविता 'नारी शक्ति है नया विधान' के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के साथ सम्मान एवं समानता की आकांक्षा पर बल दिया ताकि नारी वास्तव में सशक्त हो सके। इसी तरह, डॉ. सविता जैमिनी ने 'बेटियाँ' के माध्यम से नारी की गरिमा तथा श्रीमती संयोगिता ध्यानी ने 'जीवन का नया रूप' के माध्यम से सफलता के लिए स्त्री–पुरुष के सामूहिक उत्तरदायित्व को उजागर किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया तथा अनेक कर्मचारियों ने काव्य–पाठ के विषय 'महिला सशक्तिकरण' पर बहुत ही अच्छे ढंग से कविताएं सुनाईं। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों को स्मृति–चिन्ह भी प्रदान किए गए। पहले संस्थान के महानिदेशक डॉ. एच. श्रीनिवास ने संस्थान की वरिष्ठतम महिला सदस्य डॉ. पूनम एस. चौहान, वरिष्ठ फेलो को स्मृति–चिन्ह प्रदान किया, फिर अन्य सभी महिला कर्मचारियों एवं अतिथियों को स्मृति–चिन्ह डॉ. पूनम एस. चौहान

द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समन्वय श्री बीरेंद्र सिंह रावत, व. हिं. अनुवादक एवं डॉ. एलीना सामंतराय, फेलो ने किया।

डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए एवं स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए

पूर्वोत्तर केंद्र

उत्तर–पूर्व क्षेत्र (एनईआर) का क्षेत्रफल देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 7.9 प्रतिशत है और यहां की आबादी देश की कुल आबादी का 3.8 प्रतिशत है (जनगणना, 2011)। यह क्षेत्र पूर्वी भाग में हिमालय की तलहटी में फैला हुआ है और बांग्लादेश, भूटान, चीन, नेपाल एवं म्यांमार से घिरा हुआ है। इस क्षेत्र में 08 राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम एवं त्रिपुरा हैं। ऐतिहासिक और भौगोलिक–राजनैतिक कारणों की वजह से एनईआर देश के सबसे अविकसित क्षेत्रों में से एक है। कम उत्पादकता एवं बाजार तक कम पहुंच के साथ यहां पर अवसंरचना एवं शासन भी ठीक नहीं हैं।

एनईआर में कार्यबल भारत के कुल कार्यबल का 3.6 प्रतिशत है (2011–12)। एनईआर में श्रम परिदृश्य कई कारणों (भौगोलिक, सामाजिक–आर्थिक एवं राजनैतिक) की वजह से देश के अन्य भागों की तुलना में अलग है। इस क्षेत्र में औद्योगिकीकरण की दर कम है एवं आधुनिक सेवा क्षेत्र का यहां सीमित विस्तार हुआ है। यहां पर कृषि कार्य (झूमिंग जैसी विचित्र प्रणालियों की उपस्थिति के कारण) भी भिन्न हैं। श्रम बाजार प्रतिभागिता में सांस्कृतिक लोकाचार भी अलग है, जो अन्य बातों के साथ लिंग एवं सामाजिक श्रेणियों में श्रम बल की विशिष्ट बनावट को दर्शाते हैं। फिर भी प्रवास एक और महत्वपूर्ण पहलू है, जो आबादी के आंतरिक प्रवास (क्षेत्र के अंदर एवं बाहर) के मामले के साथ–साथ श्रमिकों का राष्ट्र के अन्य भागों से अंतः प्रवेश के मामले में, विभिन्न सामाजिक–राजनैतिक विचारों के कारण और पेचीदा हो गया है।

इसी संदर्भ में संस्थान ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में नीति–उन्मुखी अनुसंधान करने, कार्यशालायें/सेमिनार आयोजित करने तथा श्रम, रोजगार एवं सामाजिक संरक्षण के मुद्दों पर प्रशिक्षण देने के लिए 2009 में एक नये केंद्र, पूर्वोत्तर केंद्र (सीएनई) की स्थापना की।

केंद्र के प्रमुख अनुसंधान विषय:

- रोजगार एवं बेरोजगारी प्रवृत्तियां एवं चुनौतियां
- लिंग एवं रोजगार
- प्रवास एवं विकास
- सामाजिक सुरक्षा
- स्वास्थ्य एवं श्रम
- आजीविका नीतियां
- क्षेत्रक विश्लेषण

- कौशल–अंतर अध्ययन
- औद्योगिक संबंध एवं विनियमन
- श्रमिकों एवं कामगारों के आंदोलन का समाजशास्त्र

dn ds çe[k çf'k{k.k fo"k;

प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लक्षित समूहों में श्रम अधिकारी, केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठनों के महिला कामगार एवं प्रतिनिधि, एनजीओ/सिविल सोसायटी, विश्वविद्यालय के छात्र एवं अनुसंधानकर्ता हैं। केंद्र के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कुछ प्रमुख विषय निम्न प्रकार हैं:

- कौशल विकास एवं रोजगार सृजन
- श्रम कानूनों की मौलिकता
- महिला कामगारों से संबंधित श्रम मुद्दों एवं कानूनों पर जागरूकता सुदृढ़ीकरण
- ट्रेड यूनियन नेताओं के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम
- सामाजिक संरक्षण एवं आजीविका सुरक्षा
- असंगठित क्षेत्र में श्रम कानूनों का प्रभावी प्रवर्तन
- श्रम अध्ययन में अनुसंधान विधियां
- श्रम और वैश्वीकरण का समाजशास्त्र

iwjh dh xbZ ifj;kstuk,

1- iokZÙkj Hkkjr eas Je cktkj ,oa lkekftd lja{k.k

mn~ns';

इस अध्ययन का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत में श्रम बाजार की प्रवत्तियों की जांच करना तथा पूर्वोत्तर भारत के सभी आठ राज्यों में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न सामाजिक संरक्षण योजनाओं पर भी प्रकाश डालना है। यह अध्ययन साहित्य, दस्तावेजों, सर्वेक्षणों तथा संबद्ध रिपोर्टों की समीक्षा पर आधारित है।

vuqla/kku v/;;u ds ifj.kke%

इस अध्ययन में पूर्वोत्तर भारत में श्रम बाजार की प्रवत्तियों की जांच की गयी तथा पूर्वोत्तर भारत के सभी आठ राज्यों में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न सामाजिक संरक्षण योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इसमें केंद्र सरकार द्वारा शुरु की गयी सामाजिक संरक्षण योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।

v/;;u dk 'k# ,o ijk djus dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2016 में शुरु किया गया, तथा इसे जुलाई 2017 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- vkrk thr {kf=e;e] ,lksf,V Qsyks½

2- e[; Je vk;Dr ¼dsanh;½ ds dk;kZy; dh ;kstukxr Ldhek dh ifj.kkeh leh{kk

mn~ns';

इस अध्ययन का मूल उद्देश्य केंद्रीय औद्योगिक संबंध तंत्र (सीआईआरएम) अर्थात बेहतर सुलह एवं निवारक मध्यस्थता, श्रम कानूनों का प्रभावी प्रवर्तन, सीएलसी (सी) एवं आरएलसी (सी), नई दिल्ली के कार्यालयों के लिए संयुक्त कार्यालय परिसर का निर्माण तथा सीएलएस अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने संबंधी योजनागत स्कीम का मूल्यांकन अध्ययन करना है।

इस अध्ययन के निम्नलिखित तीन उद्देश्य हैं:

i) उद्देश्यों की प्राप्ति के संबंध में सफलता की मात्रा निर्धारित करने के लिए प्रत्यक्ष सत्यापन करना

ii) दिशा–निर्देशों/स्कीमों में संशोधन की आवश्यकता के लिए सुझाव प्रस्तुत करना, तथा

iii) मौजूदा प्रक्रिया की जांच करना और इसमें सुधार के तरीकों के सुझाव देना।

यह परियोजना मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय द्वारा सौंपी गयी।

dk;Zç.kkyh

यह अध्ययन उद्देश्य आधारित मूल्यांकन अध्ययन है। यह योगात्मक है अर्थात इसमें चल रही दो स्कीमों से दृष्टांत लिये जा रहे हैं। स्कीम का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के 20 क्षेत्रीय कार्यालयों में से 17 क्षेत्रीय कार्यालयों, जिनमें गुवाहाटी में स्थित पूर्वोत्तर क्षेत्रीय कार्यालय शामिल है, का मूल्यांकन किया गया। यह मूल्यांकन क्षेत्रीय कार्यालयों एवं अधिकारियों को क्रमशः दिये गये प्रश्नावली तथा फीडबैक प्रोफार्मा के आधार पर किया गया।

v/;;u dk 'k# ,o ijk djus dh frfFk

अध्ययन को जुलाई 2017 में शुरु, तथा सितम्बर 2017 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- vkrk thr {kf=e;e] ,lksf,V Qsyks½

çe[k dk;l'kkyk,@lfeukj

• iokÙkj Hkkjr e Je ,o jktxkj d ennn% ljkdkj ,o pukfr;k fo"k; ij dk;l'kkyk

पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के मुद्दे: सरोकार एवं चुनौतियाँ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन मैत्रेयी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, के समाजशास्त्र विभाग के सहयोग से वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान द्वारा मैत्रेयी कॉलेज के सेमिनार हॉल में 12 अप्रैल 2017 को किया गया। इस कार्यशाला के उद्देश्य इस प्रकार थे: i) काम के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य का पता लगाना, ii) कार्य जगत, सभ्य रोजगार, सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों, प्रवासन, कौशल आदि को समझना, iii) प्रतिभागियों को सामान्य तौर पर भारत में और विशेष तौर पर पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के मुद्दों से परिचित कराना, और iv) श्रम एवं रोजगार के मुद्दे को एक शोध विषय के तौर पर लेने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना। इस कार्यशाला में मैत्रेयी कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्रों एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कुल 62 प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला का समन्वय डॉ. राशि भार्गव, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, मैत्रेयी कॉलेज तथा डॉ. ओतोजीत क्षेत्रिमयूम, समन्वयक, पूर्वोत्तर केंद्र, वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान ने किया।

पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के मुद्दे: सरोकार एवं चुनौतियाँ विषय पर कार्यशाला के प्रतिभागी

• iokÙkj Hkkjr e Je ,o jktxkj d enn fo"k; ij dk;l'kkyk

पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के मुद्दे विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन पूर्वोत्तर केंद्र वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान तथा राजनीति विज्ञान विभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय परिसर, मणिपुर द्वारा संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय, के सेमिनार हॉल में 26–29 मई 2017 के दौरान किया गया। इस कार्यशाला के उद्देश्य इस प्रकार थे: i) काम के ऐतिहासिक एंव सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य का पता लगाना, ii) कार्य जगत, सभ्य रोजगार, सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों,

प्रवासन, कौशल आदि को समझना, iii) प्रतिभागियों को सामान्य तौर पर भारत में और विशेष तौर पर पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के मुद्दों से परिचित कराना, और iv) श्रम एवं रोजगार के मुद्दे को एक शोध विषय के तौर पर लेने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना। इस कार्यशाला में ट्रेड यूनियनों, एनजीओ एवं शोध विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का समन्वय डॉ. एन. सुरजीतकुमार, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, आईजीएनटीयू, आरसीएम तथा डॉ. ओतोजीत क्षेत्रिमयूम, एसोसिएट फेलो, वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान ने किया।

पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के मुद्दे विषय पर कार्यशाला के प्रतिभागी

- **iokÙkj Hkkjr e lkekftd lj{k.k dk;Øek dk çHkkoh dk;kUo;u% vkx dh jkg fo"k; ij dk;'kkyk**

पूर्वोत्तर केंद्र, वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान तथा श्रम अध्ययन एवं सामाजिक संरक्षण केंद्र, टाटा समाजविज्ञान संस्थान, गुवाहाटी द्वारा संयुक्त रूप से पूर्वोत्तर भारत में सामाजिक संरक्षण कार्यक्रमों का प्रभावी कार्यान्वयनः आगे की राह विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन 16–17 मार्च 2018 के दौरान गुवाहाटी में किया गया। इस कार्यशाला का लक्ष्य कामगारों, विशेषकर अनौपचारिक सैक्टर के कामगारों के लिए सामाजिक संरक्षण स्कीमों तथा इनके प्रभावी कार्यान्वयन की समझ विकसित करना था। इसके उद्देश्य इस प्रकार थेः ग्रामीण गरीबों और अनौपचारिक सैक्टर के कामगारों के आजीविका जोखिमों और सुभेद्यता को समझना; उन विभिन्न सामाजिक संरक्षण कार्यक्रमों को समझना जो परिसंपत्तियों को अंतरित करते हैं, उद्यमिता, स्व–रोजगार के लिए लोगों को कौशल प्रदान करते हैं तथा उन सार्वजनिक कार्य कार्यक्रमों को समझना जो गरीबी से निपटने में लोगों को सक्षम बनाते हैं; सामाजिक संरक्षण कार्यक्रमों से संबंधित विभिन्न मुद्दों एवं चुनौतियों को उजागर करना; और इन स्कीमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए वैकल्पिक मुकाबला कार्यनीतियों/सर्वोत्तम प्रथाओं का पता लगाना। इस कार्यशाला में 70 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला के एक हिस्से

के तौर पर एक पैनल चर्चा का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का समन्वय डॉ. राजदीप सिंहा, असिस्टेंट प्रोफेसर, टीआईएसएस, गुवाहाटी तथा डॉ. ओतोजीत क्षेत्रिमयूम, एसोसिएट फेलो, वीवीजीएनएलआई ने किया।

पूर्वोत्तर भारत में सामाजिक संरक्षण कार्यक्रमों का प्रभावी कार्यान्वयनः आगे की राह विषय पर कार्यशाला के प्रतिभागी

- **vuqla/kku çdk'ku ^iwoksZÙkj Hkkjr esa ;qokvksa dk dkS'ky fodkl% vkxs dh jkg^ dk çLrqrhdj.k**

इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनोमिक रिलेशंस द्वारा 20 मार्च 2018 को आयोजित पूर्वोत्तर भारत में आर्थिक विकास के लिए भारत–जापान साझेदारी पर कार्यशाला के दौरान 'पूर्वोत्तर भारत में युवाओं का कौशल विकासः आगे की राह' पर अनुसंधान प्रकाशन श्री पी. अमिताभ खुंटिआ, एसोसिएट फेलो, वीवीजीएनएलआई द्वारा मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. बीरेन सिंह को प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उन्होंने मणिपुर कौशल विकास सोसायटी को सुदृढ़ करने के बारे में भी विचार–विमर्श किया।

मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. बीरेन सिंह को अनुसंधान प्रकाशन भेंट करते हुए श्री पी. अमिताभ खुंटिआ, एसोसिएट फेलो, वीवीजीएनएलआई

Je ,oa LokLF; v/;;u dsanz

स्वास्थ्य प्रणालियों की वह मात्रा, जो विभिन्न सामाजिक समूहों की जरूरतों को पूरा करती है, दुनियाभर में चिंता का विषय है। यह चिंता उन देशों में और भी अधिक है जो तेजी से आर्थिक विकास एवं संस्थागत बदलाव का अनुभव कर रहे हैं। भारत में, जहां अधिकांश लोग गरीब हैं और अपनी आजीविका के लिए अनौपचारिक क्षेत्र पर निर्भर हैं, स्वास्थ्य लाभों के साथ–साथ स्वास्थ्य बीमा के संदर्भ में समानान्तर निष्पक्षता उपलब्ध करवाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य प्रावधानों और कार्य की दुनिया के साथ इसकी अंतर–संबद्धता के प्रमुख मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में श्रम एवं स्वास्थ्य अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई। यह विशेषीकृत केंद्र, एक वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में कामगारों के सामने उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों को समझने एवं उनका समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। केंद्र के प्रमुख अनुसंधान कार्यकलाप निम्नलिखित हैं:

dsanz ds eq[; vuqla/kku {ks=

- रोजगार एवं उभरते स्वास्थ्य जोखिमों के नये रूप तथा रुग्णता के पैटर्न
- श्रम बाजार रूपान्तरण और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए इसकी चुनौतियां।
- स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच एवं स्वास्थ्य व्यवहार: जाति, वर्ग, धर्म एवं लिंग के आधार पर इंटरफेस
- सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली और इसके प्रभाव
- स्वास्थ्य संरक्षण प्रदान करने में सामाजिक बीमा की भूमिका।

iwjh dh xbZ ifj;kstuk,a

1- lHkh ea=ky;ksa ds lkekftd lqj{kk dk;ZØeksa@;kstukvksa dk v/;;u

यह अध्ययन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के आदेशानुसार शुरु किया गया। यह अध्ययन देश में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा उपायों पर सरकार द्वारा किए गए खर्चों की पहचान एवं उनका अनुमान लगाने के लिए किया गया था। इस अध्ययन में उन सामाजिक सुरक्षा उपायों की पहचान की गयी जो दो स्तरों पर परिचालित की जा रही हैं –(i) बुनियादी/मानव विकास, जैसे साक्षरता मिशन, स्कूली शिक्षा के प्रावधान के लिए कार्यक्रम, स्वास्थ्य सेवा योजनाएँ, पेयजल एवं स्वच्छता तथा तकनीकी प्रशिक्षण आदि के लिए सार्वभौमिक कार्यक्रम और योजनाएँ, (ii) सामाजिक/मानव विकास योजनाएँ जो कि सुभेद्य नागरिकों को उनकी कामकाजी स्थिति के निरपेक्ष आईसीडीएस, पीडीएस, एनएसएपी, मनरेगा आदि जैसे सहायक एवं सुरक्षात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सामाजिक–आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य ये चलायी जा रही हैं। प्रत्येक कार्यक्रम/योजना के वार्षिक खर्च का मूल्यांकन किया गया।

vuqla/kku v/;;u dk ifj.kke

इस अध्ययन में देश के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों, सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा के स्तर के साथ–साथ आबादी के कतिपय सुभेद्य वर्गों के लिए योजनाओं/कार्यक्रमों पर वार्षिक खर्च का अनुमान लगाया गया।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को अप्रैल 2017 में शुरु, एवं मई 2017 में पूरा किया गया था।

¼ifj;kstuk funs'kd½ Mk- :ek ?kks"k] Qsyks½

